नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 297 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, बुधवार 23 अगस्त 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर जल संरक्षण के दिशा में विभागों का कार्य सराहनीय...



हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने किया रीपा गौठान का भ्रमण पेज -8 पर

# संभाग के प्रथम स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय का हुआ लोकार्पण

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरगुजा संभाग के प्रथम स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने विधिवत पूजा-अर्चना कर फ़ीता काटकर केशवपुर में महाविद्यालय का लोकार्पण किया। उनके साथ उप-मुख्यमंत्री श्री टीएस सिंहदेव उपस्थित थे।



प्रदेश में अंग्रेजी माध्यम के कुल 10 स्वामी आत्मानंद आदर्श महाविद्यालय खोले जा रहे हैं, जिनमें से अम्बिकापुर के केशवपुर में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय भवन के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण आज किया गया। ज्ञातव्य है कि शासकीय महाविद्यालय की कुल प्रवेश क्षमता 1000 है जिसमें लगभग 610 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा के बाद शासकीय विज्ञान महाविद्यालय को अपग्रेड करते हुए सुविधाओं के विस्तार के लिए जीर्णोद्धार तथा निर्माण कार्य हुए। आज छात्रों के लिए आधुनिक समय अनुरूप तकनीकों, स्मार्ट क्लासरूम, अत्याधुनिक लाईब्रेरी, प्रयोगशाला, अतिरिक्त कक्ष जैसे अन्य सुविधाओं के साथ महाविद्यालय तैयार है।



महाविद्यालय में कुल 2.54 करोड़ रुपए की लागत से जीर्णोद्धार तथा निर्माण कार्य किए गए हैं, जिसमें 1.21 करोड़ रुपए की लागत से बने प्रयोगशाला भवन का लोकार्पण और कुल 1.33 करोड़ की लागत से गार्डन का सौन्दर्यीकरण एवं सी.सी.रोड निर्माण, प्रथम तल पर प्रयोगशाला पुस्तकालय का नवीनीकरण एवं अहाता, भूतल पर प्राचार्य कक्ष ऑफिस का नवीनीकरण एवं प्रवेश द्वार एवं पार्किंग शेड का निर्माण कार्य शामिल है।

## एक नजर

### गोधन न्याय योजना जिले के पशुपालक किसानों के लिए बनी वरदान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना जिले के पशुपालक किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसके क्रियान्वयन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है, लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है और उनके जीवन में खुशहाली आई है। यह योजना पशुपालकां के लिए अतिरिक्त आय प्राप्त करने का जरिया बना है, साथ ही स्व सहायता समूह की महिलाओं को विशेष रूप से रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है।

दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के लोहत्तर गोठान पशुपालकों के लिए आजीविका का साधन बना हुआ है। इस गौठान में 77 पशुपालकों ने 3709.54 क्विंटल गोबर बेचकर 07 लाख 41 हजार 908 रूपये आय अर्जित किया है। कृषक कंवल सिंह ने बताया कि उन्होंने 865 क्विंटल गोबर बेचकर 01 लाख 73 हजार रूपये आय अर्जित की है, जिससे उन्होंने मोपेड खरीदा है ।

## पीएम का दक्षिण अफ्रीका दौरा

# ब्रिक्स सम्मेलन में लेंगे हिस्सा, शी जिनपिंग के साथ हो सकती है बैठक

**नई दिल्ली।** जोहानिसबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले भारत ने कहा कि ग्रुप के विस्तार को लेकर उसका मन खुला और मंशा सकारात्मक है. प्रधानमंत्री मोदी दक्षिण अफ्रीका में 22 से 24 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में हिस्सा लेंगे.



वह आज जोहानिसबर्ग रवाना हो जाएंगे, जोहानिसबर्ग के बाद वह यूनान भी जाएंगे, यह पूछे जाने पर कि क्या मोदी और चीन के राष्ट्रपति के बीच ब्रिक्स शिखर बैठक से इतर चर्चा होगी, विदेश मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री की द्विपक्षीय बैठकों को अभी अंतिम रूप दिया जा रहा। कोविड-19 महामारी के कारण लगातार तीन साल तक वर्चुअल बैठकों के बाद यह पहला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन होगा, जिसमें सदस्य देशों के प्रमुख खुद मौजूद रहने वाले हैं. विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने पीएम मोदी की दक्षिण अफ्रीका और ग्रीस यात्रा से पहले एक विशेष ब्रीफिंग में कहा कि 'मेजबान देश दक्षिण अफ्रीका ने निश्चित रूप से ब्रिक्स सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में अतिथि देशों को आमंत्रित किया है. जो वहां मौजूद रहेंगे.' विदेश सचिव क्वात्रा ने कहा कि भारत से एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी बिजनेस बैठकों में हिस्सा लेने के लिए इन देशों की यात्रा कर रहा है।



# दक्षिण विधानसभा में जितने दावेदार आएंगे हमारे लिए अच्छा है : बृजमोहन अग्रवाल



**रायपुर।** विधानसभा चुनाव 2023 के लिए टिकट पाने कांग्रेस के दावेदार खुलकर सामने आ रहे हैं. कांग्रेस की दावेदारी पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का बयान आया है. उन्होंने कहा, जितने दावेदार आएंगे हमारे लिए अच्छा है। दावेदार अधिक होंगे तो अंतर कलह भी अधिक होगी. दक्षिण विधानसभा में बंपर दावेदारी पर बृजमोहन ने कहा, दावेदारों का मैं स्वयं माला पहना कर स्वागत करूंगा. महापौर एजाज ढेबर, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, आकाश शर्मा, ज्ञानेश शर्मा, अमीन मेमन, सतनाम पनाग, कन्हैया अग्रवाल, पल्लवी सिंह, समीर अख्तर, विकास तिवारी, निवेदिता चटर्जी, बीरेंद्र देवांगन, उत्तम साहू, मनोज कंदोई, रामकुमार शुक्ला, मनोज ठाकुर, देवेंद्र यादव, मनमोहन सिंह ठाकुर, संपत सिंह राजपूत, कविता ग्वालानी, पूनम यादव, आशा चौहान ने कांग्रेस से दक्षिण विधानसभा के लिए दावेदारी पेश की है.

## गुरु बालदास का भाजपा में प्रवेश



**रायपुर।** सामाजिक तौर पर बहुत उपेक्षा हुई है. भेदभाव किया. समाज के उत्थान के लिए कुछ भी नहीं किया. सम्मान मिला तो इधर आ गए. सतनामी समाज के धर्म गुरु बालदास ने यह बात भाजपा में प्रवेश से पहले मीडिया से चर्चा में कांग्रेस पर आरोप मढ़ते हुए कही. इस दौरान उन्होंने बताया कि उनके बेटे गुरु खुशवंत साहेब ने आरंग विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट के लिए दावेदारी की है। वर्ष 2018 विधानसभा चुनाव के पहले गुरु बालदास कांग्रेस में शामिल हुए थे. लेकिन कोई पद नहीं मिलने से काफी दिनों से नाराज चल रहे थे।

# एक दिन पहले अम्बिकापुर में बड़े ही धूमधाम से मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन

## बड़ी संख्या में उपस्थित युवा, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों के साथ मना रहे हैं








*__अम्बिकापुर__ एक दिन पहले अम्बिकापुर में बड़े ही धूमधाम से मुख्यमंत्री बघेल का जन्मदिन, बड़ी संख्या में उपस्थित युवा, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी का मना रहे हैं। यह केक मिलेट रागी से बना हुआ है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा शुरू किए गए मिलेट मिशन के तहत किसानों को इन फसलों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस हेतु किसानो को उन्नत किस्म की बीज के साथ अन्य सहायता दी जा रही है। जिससे किसानों को मंडी में रागी की काफी अच्छी कीमत मिल रही है साथ ही इसकी खेती करना भी कठिन नहीं है।*

# सहायक शिक्षकों की हड़ताल खत्म, प्रमुख सचिव के साथ मीटिंग के बाद बनी बात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सहायक शिक्षकों की 12 दिनों से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल आज खत्म हो गई है। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव के साथ संघ के पदाधिकारियों की बैठक के बाद संघ ने हड़ताल खत्म करने का ऐलान किया है।




प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला के साथ पदाधिकारियों की बैठक चली और वेतन विसंगति दूर करने समेत अन्य मांगों पर चर्चा हुई। प्रमुख सचिव ने मांगों पर विचार करने का आश्वासन देते हुए उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री से कराने का आश्वासन दिया है। जिसके बाद संघ के पदाधिकारियों ने हड़ताल खत्म करने का ऐलान कर दिया। बता दें कि ये सहायक शिक्षक 3 सूत्री मांगों को लेकर 10 अगस्त से अनिश्चितकालीन हडताल कर रहे थे, सबसे प्रमुख मांग वेतन विसंगति दूर करने की है। प्राइमरी स्कूल के सहायक शिक्षक और मीडिल स्कूल के शिक्षक के वेतन में 12 से 15 हजार रुपये का अंतर है, जबकि मीडिल और हाईस्कूल के टीचर के वेतन में सिर्फ 2 से 3 हजार का ही अंतर है। सहायक शिक्षक इसे दूर करने की मांग कर रहे हैं, इसके अलावा, नियुक्ति तिथि से क्रमोन्नति का लाभ देने और 20 साल की सेवा पूरी करने वालों को पुराने पेंशन का लाभ देने की भी मांग कर रहे हैं।

# कांग्रेस की पहली सूची 6 को संभव

## 4 व 5 को रायपुर में बैठेगी छानबीन समिति

**रायपुर।** विधानसभा टिकट के लिए कांग्रेस में दावेदारों की फौज खड़ी हो गई है। ज्यादातर विधानसभा सीटों से दर्जनभर से अधिक दावेदारों ने आवेदन जमा किए हैं। इस कड़ी में प्रत्याशी तय करने के लिए 4 और 5 सितंबर को छानबीन समिति की बैठक होगी। संभावना है कि आधी सीटों के लिए 6 सितंबर को प्रत्याशी घोषित हो सकते हैं। विधानसभा टिकट के लिए आवेदन देने की मंगलवार को आखिरी तारीख है। इसके बाद जिलों में बैठकें होगी और सभी सीटों पर एक या फिर अधिकतम तीन नाम का पैनल तैयार कर प्रदेश की चुनाव समिति को भेजा जाएगा। सीएम भूपेश बघेल, और उनके तमाम मंत्रियों ने टिकट के लिए आवेदन दे दिए हैं।




बताया गया कि पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के 2 सितंबर को रायपुर दौरे के बाद प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक 3 सितंबर को प्रदेश की चुनाव समिति की बैठक होगी। इसमें शार्ट लिस्टिंग की जाएगी।

इसके बाद 4 सितंबर को छानबीन समिति की बैठक होगी। छानबीन समिति के चेयरमेन पूर्व सांसद अजय माकन हैं और वे रायपुर आ रहे हैं। छानबीन समिति में प्रदेश से सीएम भूपेश बघेल और डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव सदस्य हैं। छानबीन समिति की 4 और 5 सितंबर को बैठक होगी और फिर सूची लेकर चेयरमेन 5 की शाम दिल्ली चले जाएंगे। 6 तारीख को केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक हो सकती है औरप्रत्याशियों की पहली सूची जारी हो सकती है।

### सीएम-सारे मंत्रियों का लडऩा तय

सीएम भूपेश बघेल और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत अपनी-अपनी सीट पाटन व सक्तीसे लड़ेंगे। रूद्रकुमार गुरू को छोडक़र बाकी सभी मंत्री अपनी-अपनी सीटों से ही चुनाव लड़ेंगे।

*कहा जा रहा है कि रूद्रकुमार गुरू को सीट बदलने की छूट दी जा सकती है। प्रदेश की चुनाव समिति की अनुशंसा पर गुरू अपनी सीट अहिवारा के बजाय नवागढ़ अथवा मुंगेली सीट से लड़ सकते हैं। गुरू को सीट बदलने की स्थिति में भिलाई-चरोदा निगम के महापौर निर्मल कोसरे को अहिवारा सीट से लड़ाया जा सकता है।*

# चुनावी तैयारियां देखने चीफइलेक्शन कमिश्नर 24 को आ रहे रायपुर

**रायपुर** । छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा के चुनाव के लिए आयोग ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। छत्तीसगढ़ में चुनावी तैयारियों का जायजा लेने के लिए चीफ इलेक्शन कमिश्नर राजीव कुमार के अलावा दोनों कमिश्नर अनूप चंद्र पांडेय व अरुण गोयल 24 अगस्त को तीन दिन के राजधानी के दौरे पर आ रहे हैं।

सूत्रों ने बताया कि इस दौरान आयोग के उच्चाधिकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ सभी कलेक्टर-एसपी की भी बैठक लेंगे। चुनाव आयोग का यह पहला दौरा है, इसलिए पुलिस और प्रशासन दोनों अलर्ट मोड पर दिखाई दे रहा है ।

## बीमारी .. दुर्ग में सबसे ज्यादा 92 केस, बारिश के मौसम में पानी जमाव से बढ़ा खतरा

# इस सीजन अब तक छत्तीसगढ़ में मिले 191 डेंगू मरीज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कई जिलों में बारिश से बने बाढ़ के हालात और पानी के जमाव से डेंगू का खतरा बढ़ गया है। मंगलवार की सुबह तक राज्य में डेंगू के 191 केस मिल चुके हैं। इनमें ज्यादातर मरीज शहरी क्षेत्रों के हैं। केवल 20 प्रतिशत मरीज शहर के आसपास गांव के रहने वाले हैं।



एक साथ डेंगू के इतने मरीज आने से स्वास्थ्य अमला भी अलर्ट मोड में आ गया है। डेंगू के लक्षण, बचाव और सावधानी को लेकर दैनिक भास्कर ने राज्य महामारी नियंत्रक डॉ. सुभाष मिश्रा से बात की। डॉक्टर सुभाष मिश्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक डेंगू के केस दुर्ग से 92 और रायगढ़ से 37 केस मिले है। इसके अलावा बस्तर से 17 बीजापुर से 8 और रायपुर से 4 केस सामने आए हैं। इन मरीजों का इलाज जिला अस्पतालों और अर्बन हेल्थ सेंटरों में किया जा रहा है। मिश्रा ने कहा कि अचानक आए डेंगू के इन मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग को सतर्क किया गया है। हम नगर निगमों के साथ मिलकर लार्वा पनपने वाले जगह पर मेलाथियान का छिड़काव करवा रहे है।

### 2 सालों में तेजी से बढ़ा है डेंगू

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी 2022 से अगस्त 2022 तक डेंगू के 859 मरीज थे। इनमें सर्वाधिक केस बस्तर से आए थे। इसके अलावा 2021 में 1086 केस राज्य में मिले थे।

### डेंगू कैसे होता है, जानिए-

डेंगू एक वायरल बीमारी है। मादा एडीज मच्छर के काटने की वजह से डेंगू होता है। यह मच्छर गंदगी में नहीं बल्कि साफ जगह पर पनपते हैं और रात के अपेक्षा दिन के समय काटते हैं। ये चार प्रकार का होते हैं, टाइप-1, टाइप-2, टाइप-3, टाइप-4। बोलचाल की भाषा में इसे हड्डी तोड़ बुखार भी कहते हैं। इसके अलावा ज्यादातर शहरों में फैलने के चलते इसे शहरी बीमारी भी कहा जाता है। सही तरीके से इलाज नहीं मिलने और मामला गंभीर हो जाने पर मरीज की मौत भी हो जाती है।

### जुलाई से अक्टूबर महीनें तक खतरा ज्यादा

डेंगू के सबसे ज्यादा मामले जुलाई से अक्टूबर के महीने में देखने को मिलते हैं। कहने का मतलब यह है कि आमतौर पर डेंगू बारिश के मौसम में ही फैलता है। चूंकि ऐसे समय में पानी जमा होने की वजह से इसके केस बढ़ने की आशंका ज्यादा रहती है।

### डेंगू के लक्षण पहचानें

शरीर में अगर इनमें से 3-4 लक्षण दिखें, तो समझ जाएं कि डेंगू होने के चांस हैं।

*सिर दर्दमांसपेशियों और हड्डियों में दर्द*
*ठंड लगने के साथ बुखार चढ़ना*
*जी मिचलाना*
*उल्टी आना*
*आंखों में दर्द*
*स्किन पर लाल चकत्ते होना*
*मुंह का स्वाद खराब लगना।*

## रायपुर की 4 सीटों पर कांग्रेस के 92 दावेदार

# सबसे ज्यादा 36 दक्षिण में, ग्रामीण में 9, मेयर ढेबर ने 2 सीटों पर दिया आवेदन

रायपुर। रायपुर में कांग्रेस की टिकट से चुनाव लड़ने के लिए 92 दावेदारों ने आवेदन किया है। मंगलवार को आवेदन जमा करने का सिलसिल थम गया है।



यहां की चारों विधानसभाओं में सबसे ज्यादा 36 दावेदार रायपुर की दक्षिण विधानसभा की सीट से हैं। 17 अगस्त से 22 अगस्त तक आवेदन की प्रक्रिया चली।

जबकि रायपुर ग्रामीण में सबसे कम 9 दावेदारों ने अपना आवेदन पत्र जमा किया है। ग्रामीण से इस बार वर्तमान विधायक सत्यनारायण शर्मा चुनाव नहीं लड़ेंगे, उनके बेटे पंकज शर्मा ने आवेदन दिया है। वहीं रायपुर उत्तर से विधायक जुनेजा समेत 33 और पश्चिम से विधायक विकास उपाध्याय समेत 14 दावेदारों के आवेदन आए हैं।

# मोदी के राज में गरीबी हो रही दूर, नागरिकों की औसत आय में तेज वृद्धि से देश हो रहा खुशहाल

भारत में लगातार मजबूत हो रही आर्थिक स्थिति का असर अब देश के नागरिकों की औसत आय में वृद्धि के रूप में भी देखने को मिल रहा है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिक मध्यम वर्ग की श्रेणी में एवं मध्यम वर्ग की श्रेणी के नागरिक उच्च वर्ग की श्रेणी में स्थानांतरित हो रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 से सम्बंधित आय कर विवरणियों के आंकड़ों का एक विशेष अध्ययन किया गया है एवं इस अध्ययन के उपरांत उक्त निष्कर्ष निकाले गए हैं।

इस संदर्भ में जारी किए गए एक प्रतिवेदन के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 से सम्बंधित आय कर विवरणियों की संख्या रिकॉर्ड स्तर 7 करोड़ तक पहुंच गई है। वित्तीय वर्ष 2046-47 के लिए अनुमान लगाया गया है कि भारत में 48.2 करोड़ नागरिक आय कर विवरणियां फाइल कर रहे होंगे। वित्तीय वर्ष 2012 से वित्तीय वर्ष 2023 के बीच निम्न स्तर की आय दर्शाने वाले नागरिकों में से 13.6 प्रतिशत नागरिक मध्यम श्रेणी की आय दर्शाने वाली श्रेणी में शामिल हो गए हैं। जबकि वित्तीय वर्ष 2024 से वित्तीय वर्ष 2047 के बीच निम्न स्तर की आय दर्शाने वाले नागरिकों में से 25 प्रतिशत नागरिक मध्यम श्रेणी की आय दर्शाने वाली श्रेणी में शामिल हो जाएंगे। वित्तीय वर्ष 2014 में आय कर विवरणियां दाखिल करने वाले नागरिकों की औसत आय 4.4 लाख रुपए थी जो वित्तीय वर्ष 2023 में तीन गुना से भी अधिक बढ़कर 13 लाख रुपए हो गई है एवं वित्तीय वर्ष 2047 में और अधिक बढ़कर 49.7 लाख रुपए हो जाएगी। इसका कारण यह बताया गया है कि देश में हो रहे आर्थिक विकास का लाभ अब आम नागरिकों की आय में वृद्धि के रूप में दिखाई देने लगा है, जिसके चलते निम्न आय की श्रेणी के नागरिक उच्च आय की श्रेणी में शामिल हो रहे हैं। दूसरे, आय कर विवरणियां दाखिल करने वाले नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। एक अनुमान के अनुसार, देश में आय कर विवरणियां दाखिल करने योग्य नागरिकों में से केवल 22.4 प्रतिशत नागरिक ही आय कर विवरणियां दाखिल कर रहे हैं जबकि वित्तीय वर्ष 2047 में यह संख्या बढ़कर 85.3 प्रतिशत होने जा रही है।

वित्तीय वर्ष 2023 में भारत में प्रति व्यक्ति आय 2 लाख रुपए



प्रतिवर्ष (2500 अमेरिकी डॉलर) आंकी गई है जबकि वित्तीय वर्ष 2047 में यह बढ़कर 14.9 लाख रुपए प्रतिवर्ष (12,400 अमेरिकी डॉलर) होने जा रही है। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न आर्थिक कार्यक्रमों जैसे 'स्किल इंडिया' आदि के चलते प्रति व्यक्ति आय में उक्त वृद्धि होने जा रही है। साथ ही, भारत के लिए कई नए क्षेत्रों जैसे 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स', 'इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल्स', 'स्पेस टेक्नॉलजी' डिफेन्स के क्षेत्र, आदि में अपार

> वित्तीय वर्ष 2014 में आय कर विवरणियां दाखिल करने वाले नागरिकों की औसत आय 4.4 लाख रुपए थी जो वित्तीय वर्ष 2023 में तीन गुना से भी अधिक बढ़कर 13 लाख रुपए हो गई है एवं वित्तीय वर्ष 2047 में और अधिक बढ़कर 49.7 लाख रुपए हो जाएगी।

सम्भावनाएं मौजूद हैं और इन क्षेत्रों में भारत का दबदबा बढ़ने की सम्भावना है। दिल्ली, तमिलनाडु, केरल, गुजरात, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र में अन्य राज्यों से श्रमिकों का पलायन हो रहा है क्योंकि यह राज्य उद्योग प्रधान राज्य हैं। श्रमिकों के पलायन से इन राज्यों को सीधे-सीधे लाभ हो रहा है क्योंकि इससे इन राज्यों के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दृष्टिगोचर है एवं इससे इन राज्यों से आय कर विवरणियां भी अधिक संख्या में फाइल हो रही हैं। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2012 में कुल आय कर विवरणियां फाइल करने वाले नागरिकों में से 84.1 प्रतिशत नागरिकों ने कर निर्धारित की जाने वाली राशि से कम राशि (शून्य कर देयता राशि) की आय कर विवरणियां फाइल की थीं जबकि वित्तीय वर्ष 2023 में यह संख्या घटकर 64 प्रतिशत हो गई है, इससे भी यह झलकता है कि अब नागरिकों की औसत आय में वृद्धि हो रही है। चीन में आर्थिक विकास की दर अब लगातार कम हो रही है, शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर बढ़कर लगभग 20 प्रतिशत तक पहुंच गई है, चीन में विशेष रूप से कन्स्ट्रक्शन एवं बैंकिंग के क्षेत्र में विकराल समस्याएं आ रही हैं, इस क्षेत्र में कार्य कर रही बड़ी बड़ी कम्पनियों के डूबने का खतरा मंडरा रहा है। चीन का निर्यात लगातार कम हो रहा है। चीन की केंद्र एवं राज्य सरकारों ने इतना अधिक कर्ज लिया है कि अब इस कर्ज पर ब्याज चुकाने के लिए भी उन्हें कर्ज लेना पड़ रहा है। चीन में युवाओं की आबादी कम होकर बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ रही है। चीनी युवाओं का ही चीन की अर्थव्यवस्था पर अब भरोसा नहीं रहा है। इस माहौल में विदेशी निवेशकों ने चीन में निवेश करने से मुंह मोड़ लिया है। अब विदेशी निवेशक जापान, ताईवान एवं भारत जैसे देशों की ओर रूख कर रहे हैं। जापान में चूंकि युवाओं की आबादी बहुत कम है एवं बुजुर्गों की आबादी अधिक होती जा रही है अत: विदेशी निवेश को सम्हालने की ताकत जापान में अब पहले जैसे नहीं रही है। इसके साथ ही ताईवान एक छोटा देश है अत: अत्यधिक बढ़ी राशि के विदेशी निवेश ताईवान में करने की अपनी सीमाएं हैं। जबकि भारत में युवाओं की आबादी विश्व में सबसे अधिक है एवं भारत में उत्पादित वस्तुओं के लिए विश्व का सबसे बड़ा उपभोग बाजार उपलब्ध है। इस प्रकार कुल मिलाकर अब विदेशी निवेशकों को निवेश की दृष्टि से केवल भारत ही एक आकर्षण का केंद्र नजर आ रहा है। विश्व बैंक के एक अनुमान के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या वर्तमान के 140 करोड़ के स्तर से वर्ष 2027 में 161 करोड़ के स्तर पर पहुंच जाएगी।

प्रशांत दीक्षित

## संपादकीय

### मूडीज ने आगाह किया

अर्थव्यवस्था के विकास के जो अनिवार्य पहलू हैं, उनमें सामाजिक शांति, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के अवसर, कानून के राज का पालन, और नियम-कायदों पर अमल सुनिश्चित करने वाली संस्थाओं का निष्पक्षता से काम करना शामिल हैं। इनके बिना अर्थव्यवस्था के विकास की एक भी मिसाल नहीं है। अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी मूडी'ज ने सटीक चेतावनी दी है। जिस समय भारत सरकार ने अर्थव्यवस्था की समझ को जीडीपी वृद्धि तक सीमित कर रखा है, मूडी'ज ने कहा है कि विश्व में सबसे तेज आर्थिक वृद्धि के मौजूदा ट्रेंड के लिए भविष्य में जोखिम बढ़ सकते हैं। इसके कारण राजनीतिक हैं। इन पंक्तियों पर गौर कीजिए: 'सिविल सोसायटी और राजनीतिक असहमति के दायरे में कटौती के साथ-साथ बढ़ रहा सांप्रदायिक तनाव सियासी जोखिम और संस्थानों की गुणवत्ता की कमजोर तस्वीर प्रस्तुत कर रहा है।' मूडी'ज ने कहा है कि हालांकि बढ़े राजनीतिक ध्रुवीकरण से सरकार के अस्थिर होने की संभावना नहीं है, लेकिन बढ़ रहे राजनीतिक तनाव से जनोत्तेजक नीतियों के कारण बढ़ रहे खतरों का संकेत मिलता है। ऐसे संकेत क्षेत्रीय और स्थानीय प्रशासन के स्तरों पर भी है। यह स्थिति उस समय पैदा हुई है, जब गरीबी, आय की विषमता, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता में गैर-बराबरी जैसे सामाजिक जोखिम पहले से मौजूद हैं। उधर पड़ोसी देशों के साथ तनाव बढ़ रहा है। मूडी'ज ने मणिपुर में जारी हालात का खास जिक्र किया है। यह हकीकत से आंख चुराने की बढ़ती जा रही प्रवृत्ति की ही झलक है कि भारत संबंधी मूडी'ज के आकलन के इस पक्ष को मीडिया के सीमित हिस्से ने ही प्रमुखता से पेश किया। अधिकांश जगहों पर इस सकारात्मक बात को सुर्खियों में लाया गया कि भारत की तेज वृद्धि दर फिलहाल बनी रहेगी। बहरहाल, अर्थशास्त्र का कोई सामान्य विद्यार्थी यह जानता है कि वृद्धि दर और विकास कोई अलग-थलग चीज नहीं होती है।

# वाराणसी से प्रियंका वाड्रा की जीत के दावे करने वाले नेता कांग्रेस से अपनी दुश्मनी निकाल रहे हैं

> प्रियंका गांधी वाड्रा के वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़ने की सुगबुगाहट 2019 में भी हुई थी। लेकिन इस बार तो उनके पति रॉबर्ट वाड्रा भी कह चुके हैं कि प्रियंका गांधी को 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ना चाहिए। इसलिए माना जा रहा है कि प्रियंका गांधी वाड्रा इस बार चुनाव लड़ेंगी।

अभी तक तो विपक्षी दलों के बीच होड़ मची थी कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद से हटाना है। लेकिन अब यह होड़ इस बात पर लग गयी है कि वाराणसी संसदीय क्षेत्र से नरेंद्र मोदी को संसद नहीं पहुँचने देना है। विपक्षी गठबंधन इंडिया चाहता है कि वाराणसी में नरेंद्र मोदी को इस तरह घेरा जाये कि वह अपने चुनाव क्षेत्र में प्रचार करने तक सीमित होकर रह जायें। लेकिन ऐसा सोचने वाले शायद जानते नहीं कि पिछली बार भी नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से सिर्फ नामांकन ही दाखिल किया था वहां उनके लिए चुनाव जनता ने लड़ा था और परिणाम भी जनता के मन की भावनाओं के पक्ष में आया था।

लेकिन लोकतंत्र में किसी को भी कहीं से भी और किसी के भी खिलाफ चुनाव लड़ने का अधिकार है इसलिए वाराणसी में मजबूत विपक्षी उम्मीदवार उतारे जाने की कवायद तेज हो गयी है। इस कड़ी में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नये अध्यक्ष बनाये गये पूर्व विधायक अजय राय ने कहा है कि यदि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा चाहेंगी तो उन्हें वाराणसी से जिताने के लिए पार्टी कार्यकर्ता जान लगा देंगे। लेकिन अजय राय यह नहीं बता पा रहे कि पार्टी कार्यकर्ता आयेंगे कहां से? देखा जाये तो उत्तर प्रदेश कांग्रेस का कोई भी कार्यक्रम हो तो भीड़ जुटाने के लिए पड़ोसी राज्यों से



कार्यकर्ता बुलाये जाते हैं। इसके अलावा, यह भी आश्चर्यजनक है कि वाराणसी से नरेंद्र मोदी को हराने की बात वह अजय राय कर रहे हैं जोकि पिछला लोकसभा चुनाव मोदी से हार चुके हैं। यही नहीं, अजय राय लगातार दो बार से विधानसभा चुनाव भी हार रहे हैं। इसलिए सवाल उठता है कि लगातार हार का सामना कर रहे अजय राय कैसे कांग्रेस की नैय्या पार लगायेंगे? सवाल यह भी उठता है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि अजय राय को इसलिए लाया गया हो ताकि लोकसभा चुनावों में कांग्रेस की हार की वह जिम्मेदारी ले सकें? वैसे, प्रियंका गांधी वाड्रा के वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़ने की सुगबुगाहट 2019 में भी हुई थी। लेकिन इस बार तो उनके पति रॉबर्ट वाड्रा भी कह चुके हैं कि प्रियंका गांधी को 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ना चाहिए। इसलिए माना जा रहा है कि प्रियंका गांधी वाड्रा इस बार चुनाव लड़ेंगी। वह अमेठी अथवा रायबरेली से लड़ेंगी या वाराणसी से, यह तो समय आने पर ही पता चलेगा। जहां तक चुनाव परिणाम की बात है तो वह तय करना जनता का काम है। वैसे हम आपको यह भी बता दें कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के समय तृणमूल कांग्रेस की ओर से भी कहा जा चुका था कि यदि भाजपा और प्रधानमंत्री बंगाल में इतनी ताकत झोंकेंगे तो मोदी को हराने के लिए ममता बनर्जी वाराणसी जाएंगी। ममता बनर्जी भी वाराणसी से चुनाव लड़ेंगी या नहीं यह तो समय ही बतायेगा लेकिन उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के समय जरूर ममता बनर्जी ने अखिलेश यादव के साथ वाराणसी में समाजवादी पार्टी की रैली को संबोधित किया था और यूपी में भी खेला होबे का नारा दिया था। लेकिन ममता की अपील का मतदाताओं पर कोई असर नहीं पड़ा था। इसी प्रकार प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में वाराणसी के अलावा पूरे पूर्वांचल में जबरदस्त ताकत झोंकी थी लेकिन नतीजा शून्य रहा था।

*बहरहाल, अजय राय के बयान के बाद वाराणसी को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया है। सोशल मीडिया पर भी तमाम तरह के ट्रेंड चलने लगे हैं। लेकिन इस तरह से वाराणसी की जनता को प्रभावित नहीं किया जा सकता। वाराणसी की जनता के मन में क्या है इसका पता आपको काशी की धरती पर कदम रखते ही चल जायेगा। पिछले लोकसभा चुनावों में देखने को मिला था कि जनता को यही पता नहीं था कि नरेंद्र मोदी के खिलाफ कौन-कौन उम्मीदवार चुनाव लड़ रहा है।*

*प्रभासाक्षी की देशव्यापी चुनाव कवरेज के तहत वाराणसी में कई दिन बिताने पर लोगों से बातचीत में यही सामने आया था कि जनता इस बात पर अपना समय नहीं व्यर्थ करना चाहती थी कि और कौन-कौन चुनाव लड़ रहा है। वोट किधर देना है यह मतदाता 2019 में भी पहले से तय करके बैठे थे और 2024 के लिए भी तय करके बैठे हैं। इसलिए विपक्षी गठबंधन इंडिया के जो नेता दावा कर रहे हैं कि वाराणसी से मोदी को हराने में प्रियंका गांधी वाड्रा कामयाब हो जायेंगी वह एक तरह से कांग्रेस से दुश्मनी निकाल रहे हैं।*

नीरज कुमार दुबे

## मिला जुला

# योगी आदित्यनाथ के पैर छूने को लेकर हुए विवाद पर रजनीकांत ने दी सफाई

बीते सप्ताह दक्षिण भारत के सुपरस्टार रजनीकांत ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाक़ात की थी. उन्होंने सीएम योगी को नमस्ते कहा और फिर उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया.

रजनीकांत ने योगी आदित्यनाथ को फूलों का गुलदस्ता भेंट में दिया और दोनों ने इसके बाद तस्वीरें खिंचवाई. लेकिन इन तस्वीरों को लेकर रजनीकांत की सोशल मीडिया पर खूब आलोचना होने लगी.

लोगों का कहना था कि रजनीकांत उम्र में योगी आदित्यनाथ से काफ़ी बड़े हैं



लेकिन फिर भी उनके पैर छू रहे हैं. अब रजनीकांत ने इन आलोचनाओं पर जवाब दिया है.

सोमवार रात रजनीकांत वापस चेन्नई पहुंचे. यहां उतरते ही उनसे सबसे पहले यूपी के मुख्यमंत्री के पैर छूने पर हुए विवाद को लेकर सवाल किया गया. इसके जवाब में रजनीकांत ने कहा है कि संन्यासियों और योगी के पैर छूना उनकी आदत है, फिर उनकी उम्र कुछ भी हो.

### चंद्रयान-3 ने चांद की नई फोटो भेजीं

# शाम 6 बजकर 4 मिनट पर लैंडिंग करेगा, इसरो ने कहा- सभी सिस्टम सही

**बेंगलुरु।** भारत का मून मिशन यानी चंद्रयान-3 का लैंडर 23 अगस्त को अपने तय समय पर यानी शाम 6:04 बजे ही चंद्रमा पर लैंड करेगा। मंगलवार (22 अगस्त) को ISRO ने मिशन की जानकारी देते हुए कहा कि सभी सिस्टम्स को समय-समय पर चेक किया जा रहा है। ये सभी सही तरह से काम कर रहे हैं। इसके साथ ही इसरो ने चांद की नई तस्वीरें शेयर की हैं, जो चंद्रयान-3 ने क्लिक की हैं। चंद्रयान ने 70 किमी की दूरी से



लैंडर पोजिशन डिटेक्शन कैमरा की मदद से चांद से ये तस्वीरें खींचीं हैं। चंद्रयान-3 फिलहाल चांद पर लैंडिंग के लिए सटीक जगह खोज रहा है। इसे 25KM की ऊंचाई से लैंड किया जाएगा।

### लैंडिंग के आखिरी 15 मिनट सबसे मुश्किल होंगे

चंद्रयान-3 के लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग में 15 से17 मिनट लगेंगे। इस ड्यूरेशन को '15 मिनिट्स ऑफ टेरर' यानी 'खौफ के 15 मिनिट्स' कहा जाता है। अगर भारत का चंद्रयान-3 मिशन सक्सेसफुल होता है तो वो चंद्रमा के साउथ पोल पर उतरने वाला पहला देश बन जाएगा। चंद्रमा पर उतरने से दो घंटे पहले, लैंडर मॉड्यूल की स्थिति और चंद्रमा पर स्थितियों के आधार पर यह तय करेंगे कि उस समय इसे उतारना उचित होगा या नहीं। अगर कोई भी फैक्टर तय पैमाने पर नहीं रहा तो लैंडिंग 27 अगस्त को कराई जाएगी। चंद्रयान का दूसरा और फाइनल डीबूस्टिंग ऑपरेशन रविवार रात 1 बजकर 50 मिनट पर पूरा हुआ था। इसके बाद लैंडर की चंद्रमा से न्यूनतम दूरी 25 किमी और अधिकतम दूरी 134 किलोमीटर रह गई है। डीबूस्टिंग में स्पेसक्राफ्ट की स्पीड को धीमा किया जाता है।

### '2024 में नहीं लड़ूंगा लोकसभा चुनाव', बीजेपी सांसद सनी देओल ने किया ऐलान



नई दिल्ली। बीजेपी सांसद और एक्टर सनी देओल ने आजतक से बातचीत के दौरान कहा कि वह 2024 में लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे. उन्होंने कहा कि अभिनेता बने रहना ही मेरा चुनाव है. मुझे लगता है कि मैं बतौर एक्टर देश सेवा करूं, जो मैं करता आ रहा था. उन्होंने कहा कि आप कोई भी एक काम ही कर सकते हैं. एक साथ कई सारे काम करना असंभव है. मैं जिस सोच के साथ राजनीति में आया था, वो सारे काम मैं बतौर अभिनेता रहते हुए भी कर सकता हूं. सनी ने कहा कि एक्टिंग की दुनिया में मेरा जो दिल करे, वो मैं कर सकता हूं. लेकिन राजनीति में अगर मैं कुछ कमिट कर दूं और उसे पूरा न कर पाऊं, तो मुझसे वह बर्दाश्त नहीं होता है.

# संगरूर में झड़प के बाद 53 किसानों के खिलाफ एफआईआर

### मृतक किसान पर पुलिस बोली- अभी दर्ज नहीं हुई शिकायत

**चंडीगढ़।** पंजाब के संगरूर में किसानों और पुलिस में झड़प के एक दिन बाद ही 53 किसानों के खिलाफ हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोप है कि किसानों ने पुलिसकर्मियों पर हमला किया था। इन 53 में से 18 के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई है वहीं बाकी की पहचान अभी बाकी है। पुलिस ने किसानों पर लाठीचार्ज भी की थी। अब भारतीय किसान यूनियन (एकता-आजाद) के सदस्य लोंगोवाल पुलिस थाने के बाहर धरने पर बैठ गए हैं। पहले जो किसान संगठन चंडीगढ़ जाकर प्रदर्शन करने वाले थे वे भी लोंगोवाल की तरफ ही आने लगे हैं। बता दें कि पुलिस की लाठीचार्ज में एक किसान की मौत भी हो गई थी। संगरूरस के एसएसपी सुरेंद्र लांबा ने कहा, कुछ किसान



नेता लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करके दूसरों को उकसा रहे थे। वे प्रदर्शनकारियों से बैरिकेडिंग तोड़ने को कह रहे थे। इसके बाद पूरी भीड़ बैरिकेड्स को हटाने लगी। इसी दौरान पुलिस अधिकारियों को भी चोटें आईं।

## एक नजर

### देसी देसी ना बोल्या कर... जैसे हिट गाने देने वाले हरियाणवी सिंगर का निधन



हरियाणा के सिंगर राजू पंजाबी का सोमवार रात को निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि पिछले दस दिनों से हिसार के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। राजू पंजाबी मौजूदा समय में हिसार के आजाद नगर में रहते थे। राजू पंजाबी इलाज के दौरान वे ठीक होकर घर चले गए थे। लेकिन उनकी अचानक तबीयत फिर से खराब हो गई। इसके बाद उन्हें दोबारा अस्पताल में दाखिल करवाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। ये दिए थे मशहूर गाने राजू पंजाबी ने देसी-देसी, सॉलिड बॉडी, तू चीज लाजवाब, सैंडल जैसे मशहूर गाने हरियाणा की म्यूजिक इंडस्ट्री देकर एक नई पहचान बनाई।

# 'मुसलमानों ने चूड़ियां नहीं पहनीं, 1-2 करोड़ मर भी जाएं तो हर्ज नहीं'

**विदिशा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी ने कहा है कि कांग्रेस दफ्तर में मूर्तियां बिठाना और हिंदुत्व की बात करना डूब मरने की बात है। उन्होंने गंगा मैया की जय का नारा लगाने पर भी आपत्ति जाहिर की। विवादित बयानों की बौछार करते हुए कुरैशी ने यह भी कहा कि यदि उन्हें कांग्रेस से निकालना है तो निकाल दिया जाए। उन्होंने मुसलमानों को भड़काते हुए कहा कि 22 करोड़ मुसलमानों ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं, 1-2 करोड़ मर भी जाएं तो कोई बात नहीं। कुरैशी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड समेत तीन राज्यों के राज्यपाल रह चुके हैं। वह केंद्र सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। मध्य प्रदेश के विदिशा जिले के लटेरी में आयोजित एक कार्यक्रम में कुरैशी ने एक के बाद एक कई विवादित बयान दिए। वह अपनी पार्टी के खिलाफ ही उखड़े नजर आए और हिंदुत्व के अजेंडे पर चलने का आरोप लगाते हुए इसे डूब मरने की बात कही।



# ओपी राजभर ने फिर दिया विवादित बयान, सपा प्रमुख अखिलेश की जाति पर आपत्तिजनक टिप्पणी

**लखनऊ।** अपने बड़बोले बयानों को लेकर हमेशा चर्चा में बने रहने वाले सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधने के दौरान उन्होंने पूरे यादव समाज पर ही आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। सोमवार को एक निजी चैनल से बातचीत के दौरान राजभर द्वारा जाति विशेष पर की गई टिप्पणी की खासी आलोचना भी हो रही है। ओपी राजभर ने अखिलेश यादव के बुलडोजर वाले बयान से जुड़े सवाल



पर कहा कि ये लोग क्या बात करेंगे। ये राजभर का हिस्सा लूट लेंगे। पाल, चौहान, प्रजापति का हिस्सा लूट लेंगे। ये दूसरे की क्या बुद्धि खोलेंगे, पहले अपनी बुद्धि खोल लें। यह बात हम नहीं लोग कह रहे हैं।

### 'इंडिया' गठबंधन के संयोजक पद को लेकर लालू यादव का बड़ा खुलासा, जानिए क्या है आगे की रणनीति..

गोलागंज के सर्किट हाउस में लालू यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार को हटाने के लिए ही इंडिया गठबंधन बना है. सभी मिलकर चुनाव लड़ेंगे. उन्होंने बताया कि द्ब.ह्न.ष्ठ.द्ब. गठबंधन में कन्वेनर बनाए जाएंगे. सभी राज्यों में कन्वेनर की जरूरत नहीं है. लेकिन कुछ राज्यों को मिलाकर एक कन्वेनर बनाए जाएंगे।

# कलेक्टर पहुंचे रेडक्रॉस आस्था निकुंज, वयोवृद्ध मतदाताओं सहित दिव्यांग एवं थर्ड जेंडर मतदाताओं का किया सम्मान

**जगदलपुर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. मंगलवार को धरमपुरा स्थित रेडक्रॉस आस्था निकुंज में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में पहुंचकर वयोवृद्ध मतदाताओं सहित दिव्यांग एवं थर्ड जेंडर मतदाताओं का सम्मान कर इन मतदाताओं से सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इस मौके पर कलेक्टर ने वयोवृद्ध मतदाताओं राधाबाई, सोनाली, मंगलू बघेल आदि से उनका कुशलक्षेम पूछा। वहीं युवा दिव्यांग मतदाताओं कुमारी डिलेश्वरी, सोमा वेट्टी, निको दीप, कमलू मौर्य से चर्चा करते हुए उनकी पढ़ाई की जानकारी ली।इस दौरान कलेक्टर श्री विजय ने सभी निर्वाचनों में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि बुजुर्ग मतदाता अनुभव के भंडार हैं जो लम्बी जिंदगी बिताये हैं और कई चुनाव देखे हैं। हमारे बुजुर्ग मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे तो भावी पीढ़ी को सीख मिलेगी। उन्होंने बुजुर्ग मतदाताओं तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देते हुए कहा कि अब मतदान केंद्रों पर रैम्प, व्हील चेयर की व्यवस्था सहित पेयजल, शौचालय इत्यादि सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है जिससे सुगमतापूर्वक मतदान कर सकें। कलेक्टर ने थर्ड जेंडर मतदाताओं से सभी निर्वाचन में सक्रिय भूमिका निभाने पर बल देते हुए कहा कि थर्ड जेंडर भी



समाज के अंग हैं इन मतदाताओं की मतदान में व्यापक सहभागिता से अन्य मतदाताओं को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने युवा दिव्यांग मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि विशेष आवश्यकता वाले उक्त मतदाताओं के मतदान में भाग लेने से अन्य मतदाता प्रोत्साहित होंगे। वहीं दिव्यांग बच्चों एवं युवाओं के लिए संचालित ऐसे विशेष संस्था के बारे में लोगों को जानकारी मिलेगी और आम लोग इस संस्था में दिव्यांग बच्चों को भेजने की दिशा में प्रेरित होंगे।

*कलेक्टर ने सभी निर्वाचनों में मताधिकार का प्रयोग करने दिलाई शपथ*

*दिव्यांग बच्चों ने बनाया मतदाता जागरूकता पर केंद्रित आकर्षक पेंटिंग*

इस मौके पर कलेक्टर श्री विजय ने उपस्थित सभी मतदाताओं को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इस दौरान मनीष नेताम, ईशांत ठाकुर, वनमाली बघेल, रविंद्र नेताम, मनीष साहू और अन्य दिव्यांग बच्चों ने मतदाता जागरूकता सम्बन्धी सुमधुर गीत की प्रस्तुति दी।

जिसे सुनकर कलेक्टर श्री विजय ने उक्त बच्चों के गीत को बादल अकादमी में रिकॉर्डिंग किये जाने कहा। इस अवसर पर राजमन, अरुण, मनोज, सोहैल, मनीष, उमाशंकर, स्मिथ दास तथा अन्य दिव्यांग बच्चों ने मतदाता जागरूकता पर केंद्रीत आकर्षक पेंटिंग बनाकर मतदाताओं को सभी निर्वाचनों में मताधिकार का उपयोग करने प्रेरक सन्देश दिया। कलेक्टर ने इन बच्चों की आकर्षक चित्रकारी को देखकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप कार्यक्रम श्री प्रकाश सर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हितेश बघेल, एसडीएम श्री नन्द कुमार चौबे, उप संचालक समाज कल्याण वैशाली मरड़वाल सहित अन्य अधिकारी, रेडक्रॉस सोसायटी के उपाध्यक्ष श्री अलेक्जेंडर चेरियन तथा आस्था निकुंज के वृद्धजन, अन्य बुजुर्ग मतदाता, दिव्यांग एवं थर्ड जेंडर मतदाता और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# इंस्पेक्टर ने पिस्टल प्रतिस्पर्धा में जीता 3 गोल्ड मेडल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफ़ल एसोसिएशन द्वारा आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता रायपुर के माना में आयोजित की गई. जिसका परिणाम आज जारी कर दिया गया है. जिसमे रायपुर पुलिस के रक्षित निरीक्षक वैभव मिश्रा ने पिस्टल की अलग अलग प्रतिस्पर्धा में भाग लेकर तीन गोल्ड मेडल जीता है। अभी हाल ही में 15 अगस्त 2023 को रक्षित निरीक्षक वैभव मिश्रा को दंतेवाड़ा में हुए नक्सल मुठभेड़ के लिये राष्ट्रपति वीरता पदक से भी नवाज़ा गया था 10मीटर एयर पिस्टल (एनआर) चैंपियनशिप पुरुष व्यक्तिगत - 1 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल (एनआर) चैंपियनशिप पुरुष व्यक्तिगत -1 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल (एनआर) चैंपियनशिप पुरुष -1

उक्त पिस्टल चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में भाग लेकर उक्त तीनों प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए 03 गोल्ड मेडल का खिताब अपने नाम किया। उक्त शूटिंग प्रतियोगिता में रक्षित निरीक्षक वैभव मिश्रा द्वारा 03 गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल सहित रायपुर पुलिस के आला अधिकारियों द्वारा उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# महाकाल सेना ने बड़े भव्यता के साथ मनाया सावन महोत्सव का सातवाँ सोमवार

**बिलासपुर ।** पूरे देश में सावन मास को बड़े भक्ति भाव से मनाया जा रहा है समस्त शिवालयों में पूजा अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है, शहर के प्रख्यात महाकाल सेना भी इस सातवें सोमवार को डीपूपारा तालाब के शिव मंदिर में रुद्राभिषेख किया व प्रसाद वितरण की इसके पश्चात हरियाली में बढ़ोतरी हेतु रेल्वे बिलासपुर के सीएमएम नवीन सिंह ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए व साथ ही पौधों की सुरक्षा हेतु अपनी ज़िम्मेदारी तय करने का संदेश दिया व अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस अवसर पर जाने-माने प्रथम हॉस्पिटल के चिकित्सक रजनीश पाण्डेय ने जामुन का पौधा लगाते हुए कहा कि ऑक्सीजन,छाँया के साथ पेड़ औषधी भी प्रदान करता है,हमे रोपण के साथ इनकी सुरक्षा पर भी सजग होने की आवश्यकता है।महाकाल सेना के



संस्थापक तामेश कश्यप ने भी पौधारोपण करते हुए कहा कि यह तैयारी अगले जन्म की भी है अब जिनका भी जन्म हो तो हरियाली की कोई कमी ना हो।

आयोजन प्रथम सोमवार से प्रारंभ है व शेष एक सोमवार को भी भिन्न शिव मंदिरों में महाकाल सेना रेल्वे बिलासपुर के नेतृत्व में ऐसे धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रम होंगे। इस कार्यक्रम में आमोद सिंह, सुशील यादव,मनोज कश्यप, गिरीश साहू, अतुल अवस्थी, वेद रात्रे, हितेस साहू, अंकित पाल, सुशांत शर्मा, अखिलेश महादेव, करण तान्ती, भूपेंद्र शर्मा, शुभम रजक, अमित गोजे, सन्नी यादव, मनीष यादव, आयुष महतो, गौरव यादव, सुमित श्रीवास, टोनी करोसिया, शुभम सिंह, मुकेश धीरज, अमन श्रीवास, राहुल जायसवाल, श्रीकांत साहू, सुरज करोसिया, अनिल कोरी, कुलदीप भारद्वाज, राज चौहान, विवेक सिंह, ए.अनुराधा, मुस्कान दुबे, रेणुका जायसवाल, निकिता सिंह, ज्योति नायडू,कोमल ललपुरे के साथ भारी संख्या में सदस्य व स्थानीय निवासी उपस्थित थे।

## क्राईम

### नौकरी दिलाने का झांसा देकर 4 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर ।** मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में नौकरी लगाने का झांसा देकर युवती से 4 लाख 5 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया कुमारी ज्योति रजक 34 वर्ष वार्ड 39 बसंतपुर की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी अश्वनी जैन व उसकी पत्नी स्वेता जैन ने प्रार्थिया को मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। जिसके एवज में आरोपियों ने 1 अक्टूबर 2020 से 27 नवम्बर 2021 के मध्य अलग-अलग किस्तों में कुल 4 लाख 5 हजार रुपए ऐंठ लिए। जब नौकरी नहीं लगवा पाए, तो प्रार्थिया ने अपना पैसा वापस मांगा। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### मठपारा से बाइक पार

**रायपुर ।** मठपारा टिकरापारा में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनोज कुमार पांडे 47 वर्ष ग्राम कुरूद मंदिरहसौद का रहने वाला है। प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीएक्स 1847 से मठपारा टिकरापारा आया हुआ था। जहां से अज्ञात चोर ने उसकी बाइक पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पेशी के दौरान दो पक्ष आपस में भिड़े

**रायपुर ।** फेमिली कोर्ट परिसर न्यायालय में पेशी के दौरान दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थिया इशरत खान 51 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि पेशी के दौरान उसका दामाद आरोपी मंसूर अहमद ने गाली-गलौजज कर प्रार्थिया से मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी मंसुर अहमद 26 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी मोहम्मद अनीस खान, आयशा खान ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### वन्य जीव पैंगोलीन के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर ।** खरोरा पुलिस के टीम ने ग्राम बुड़ेनी के पास वन्य जीव पैंगोलीन बेचने के लिए ग्राहक तलाशते एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बुड़ेनी के पास एक युवक वन्य जीव बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम परदेशी पारधी 22 वर्ष वर्ष बताया। पुलिस ने आरोपी के पास से पैंगोलीन जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 8 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है।

# रायपुर पुलिस की कार्यवाही : चुनाव से पहले पुलिस कर रही तलाश, 132 वारंटी गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध और चुनाव को देखते हुए रायपुर पुलिस अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है। अब रायपुर शहर में बदमाशों की खैर नहीं। क्योंकि शहर के स्थाई/गिरफ्तारी और वारंटियों के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई कर रही है। इस अभियान में रायपुर पुलिस अलग-अलग थानों के प्रभारियों, अधिकारियों और कर्मचारी शामिल रहे। अलग-अलग थानों के 76 कई



गंभीर अपराधों के स्थायी वारंट और 56 गिरफ्तारी वारंटों की तामिल की गई।

इस दौरान 132 स्थायी, गिरफ्तारी वारंटों के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये अभियान लगातार जारी रहेगा। रायपुर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों को स्थायी गिरफ्तारी वारंटो की जांच पड़ताल करने के निर्देश दिए। इस दौरान बीते दिनों रविवार को सभी पुलिस अधिकारी और थाना प्रभारियों थाना आरक्षक के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्रों में स्थायी गिरफ्तारी वारंटियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान अलग-अलग थानों के 76 कई गंभीर अपराधों के स्थायी वारंट और 56 गिरफ्तारी वारंट इस प्रकार कुल 132 स्थायी गिरफ्तारी वारंटों की जांच पड़ताल कर गिरफ्तार किया गया है। इसके बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

# अखंड पाठसाहब का समापन





**तिल्दा नेवरा ।** तिल्दा के पूज्य सिंधी पंचायत भवन में तीन दिवसीय अखंड पाठसाहब का आयोजन किया गया अच्छी बारिश, विश्व कल्याण एवं छत्तीगढ़ की खुशहाली की कामना के साथ इंद्रदेव की आराधना हेतु अखंड पाठसाहब का 18 से 20 अगस्त को आयोजन किया गया रविवार को सुबह 11 बजे भोग साहब किया गया उसके बाद महाआरती एवं पल्लव किया गया दोपहर 1 बजे गुरु प्रसाद आम लंगर की व्यवस्था समस्त नगर वासियों के लिए की गई

पूज्य सिंधी पंचायत तिल्दा में हर साल की तरह इस साल भी अच्छी बारिश व विश्वकल्याण की भावना से शुक्रवार से रविवार तक तीन दिवसीय अखंड पाठसाहब का आयोजन किया किया तीन दिन तक गुरुग्रंथ साहब का पाठ किया गया, तथा भजन-किर्तन से पूरी संगत निहाल हुई कटनी से आई बालक मंडली द्वारा किर्तन किया गया जिससे पूरी संगत मंत्रमुग्ध हो गई और चहूंओर से सद्गुरु के जयकारे लगने लगे 19 अगस्त शाम को हरे माधव संत्संग समिति कटनी के दुवारा सत्संग का आयोजन किया गया जिससे संगत न सत्संग पान किया रविवार को भोग साहब के बाद महाआरती में संगत ने विश्व एवं मानव कल्याण की कामना करते हुए अरदास की जीव मात्र के कल्याण की भावना के साथ दिग्भ्रमितों को सही रास्ता दिखाने अरदास की गई अरदास के बाद पल्लव किया गया दोपहर को कार्यक्रम स्थल में समस्त संगत व नगरवासियों के लिए गुरुप्रसाद आम लंगर की व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में शहरवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया

कार्यक्रम के दौरान सिंधी पंचायत के अध्यक्ष, शम्मनदास खूबचंदानी, डा. भीमसेन भोजवानी, गोपीचंद पंजवानी, राम गिडलानी ने पूरी संगत को सफल आयोजन के लिए बधाई दी इस अवसर पर पंचायत के राजेश सेतपाल धनराज खत्री, डा.हीरानंद वाधवा हीरानंद हरिरमानी, आलमचंद हरिरमानी, खेमचंद वीरानी,रामचंद संतवानी, किशोर सेतपाल, रमेश सेतपाल, रामचंद भिखवानी, हीरानंद भोजवानी, परमानंद बलचंदानी, मनोज वीरानी, डा.तलरिया, कन्हैया जोतवानी, सुरेश लखवानी, आनंद बत्रा, राजेश बत्रा, यश बत्रा, राहुल तलरेजा, प्रकाश बत्रा, एवं कई सदस्यों नें भी शुभकामनाए दी

# गणेश चतुर्थी में आटोमोबाइल सेक्टर में आफरों की होगी बौछार

**रायपुर।** अगस्त का महीना समाप्त होने वाला है और इसके बाद सितंबर शुरू होते ही त्योहारों का सिलसिला शुरू हो जाएगा। शुभ खरीदारी के लिए आम उपभोक्ताओं के साथ ही आटोमोबाइल सेक्टर को जिस गणेश पक्ष का इंतजार रहता है, उसे शुरू होने में अब माह भर से भी कम समय बचा है।



बताया जा रहा है कि आटोमोबाइल कंपनियों द्वारा गणेश पक्ष के लिए अभी रणनीति बना ली गई है। इसके तहत उपभोक्ताओं को आकर्षक आफर के साथ ही उपहार भी मिलेंगे। दोपहिया कंपनियों के साथ ही मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, हुंडई मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों के साथ ही मर्सीडीज, आडी जैसी कंपनियां भी आफर निकालने वाली है। राडा के सचिव कैलाश खेमानी ने बताया कि कंपनियों द्वारा अभी से त्योहारी सीजन की तैयारियां की जा रही है। उपभोक्ताओं को आकर्षक आफर का फायदा मिलेगा।

## कारों में एक्सचेंज व कार्पोरेट छूट का फायदा

कार कंपनियों द्वारा उपभोक्ताओं के लिए एक्सचेंज के साथ ही कार्पोरेट छूट दिया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न माडलों में 60 हजार तक का फायदा दिया जाएगा। साथ ही शासकीय कर्मियों व किसानों के लिए अलग से आफर दिए जाएंगे। उपभोक्ता भी इन आफरों को काफी पसंद करते है। कुछ कंपनियों द्वारा तो उपहार योजनाओं की भी तैयारी की जा रही है।

# सूने मकानों का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी में सूने मकान का ताला तोड़कर समान चोरी करने का मामला सामने आया है। शातिर चोर सुने मकान देखते ही डाका डालते हैं। मामला खम्हारडीह थाने क्षेत्र का है, जहां चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर घर में रखे सामान को करके फरार हो गए थे। मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपियों की खोजबीन कर 2 चोरों गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों कब्जे से चोरी की 1 नग टीवी, 1 नग लैपटॉप और बर्तन जब्त किया है। इसकी कीमती लगभग 60 हजार रुपए आंकी गई है। प्रार्थी दिनेश साहू ने थाना खम्हारडीह में रिपोर्ट दर्ज कराया है। उसने रिपोर्ट में बताया कि उसने कचना प्रायमरी स्कूल के पास नया मकान बनवाया



है। उस घर में शादी के सारे सामान को रखा था। उस घर की देख-रेख के लिए परिवार के लोग आना जाना करते थे। प्रार्थी 5 अगस्त के रात को घर में ताला लगाकर अपनी पुरानी घर चले गए थे।

इस दौरान चोरों ने सुने घर के ताला तोड़कर घर के समान को चोरी कर फरार हो गए थे। दिनेश साहू जब सुबह आकर देखा तो घर के सारे सामान साफ हो गए थे। इस मामले में प्रार्थी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ खम्हारडीह थाने में अपराध क्रमांक 312/23 धारा 457, 380 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई। इस दौरान एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने मुखबिर लगाकर आरोपियों की खोजबीन शुरू की। वहीं घटना स्थल के लोगों से पूछताछ की आस-पास में लगे सीसीटीवी के फुटेज देखें। इस दौरान पुलिस को आरोपियों के बारे ने जानकारी मिली। उन्होंने खम्हारडीह निवासी सहदेव यादव को पकड़ा। पुलिस के पूछताछ में चोर ने चोरी की घटना को अंजाम देना बताया।

## मेकाहारा के डॉक्टरों ने सुरक्षित किया मरीज का जीवन

# कार्डियोलॉजी विभाग ने सर्जिकल वाल्व का किया पुनः प्रत्यारोपण

**रायपुर।** पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय और डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट में छत्तीसगढ़ निवासी अपने उम्र के छटवें दशक के मध्य में मरीज के हृदय में ट्रांसकैथेटर ऐऑर्टिक वाल्व प्रत्यारोपण (टावी) करके तथा ट्राइकस्पिड वाल्व बैलून वाल्बुलोप्लास्टी के जरिए हृदय के वाल्व में आई समस्या को दूर कर मरीज का जीवन सुरक्षित बचा लिया. एसीआई के कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुए इस उपचार प्रक्रिया के बाद मरीज को हृदय से संबंधित पुरानी सभी जटिलताओं से निज़ात मिल गई। बता दें कि, छत्तीसगढ़ निवासी उम्र के 6वें मध्य की महिला मरीज की 2010 में निजी अस्पताल



में ओपन हार्ट सर्जरी हुई थी जिसमें हृदय के दो वाल्व चेंज हुए थे. 2017 में पुनः ओपन हार्ट सर्जरी हुई, जिसमें दो वाल्व और चेंज हुए. इसके बाद मरीज की 2017 में हुई सर्जरी की जटिलता के कारन जनित धड़कन की कमी के चलते 15-20 दिन के बाद पेसमेकर लगाने के लिए फिर सर्जरी हुई. इन तीन सर्जरी के बाद मरीज का हार्ट पम्पिंग काफी कम हो गई थी. अगले कुछ सालो में पुराने सर्जिकल वाल्व भी धीरे-धीरे खराब हो गए. मरीज को दोनों सर्जरी द्वारा प्रतिरोपित वाल्वस में अत्यधिक सिकुड़न होने के कारण सांस लेना कठिन होता जा रहा था. टिश्यू वाले वाल्व में खराबी और सिकुड़न जल्दी आ जाते हैं. इसके बाद मरीज को एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के कार्डियोलॉजी विभाग में आगे उपचार के लिए आकलन और परियोजना बनाई गई. इस जटिल कार्डियक प्रक्रिया करने की योजना बनाने के लिए डॉ भीमराव आंबेडकर हॉस्पिटल के रेडिओडियगनोसिस विभाग से डॉ एएस बी एएस नेताम ने सी टी कोरोनरी एंजियोग्राफी द्वारा वाल्व का सटीक माप निर्धारित करके दिया और निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ शशांक ने मरीज़ को बिना बेहोश किया पूरी प्रक्रिया के दौरान अर्धचेतन अवस्था में संभाले रखा. टेक्निकल टीम का नेतृत्व खेम सिंह मंडे और जीतेन्द्र चलकर और कैथ लैब में मुख्य नर्सिंग असिस्टेंट आनंद सिंह ने मरीज़ के ब्लड प्रेशर और धड़कन को मॉनिटर किया. डॉ प्रतीक गुप्ता ने प्रक्रिया के दौरान इकोकार्डियोग्राफी द्वारा वाल्व की स्तिथि निरंतर दिखाई. डॉ. स्मित श्रीवास्तव के अनुसार दो वाल्व की एक साथ प्रक्रिया करना जोखिम को कई गुना बढ़ा दिया था, साथ ही पुराने पेसमेकर का एक तार खराब हुए वाल्व के बीच में था.जिसके प्रकिया के दौरान किचन और मरीज की धड़कन के बंद होने की सम्भावना का कारण बन सकता था.मरीज का हार्ट कम पम्प कर रहा था, इसलिए दवाओं के सहारे हार्ट की पम्पिंग क्षमता को ठीक किया और बिना छाती खोले हार्ट के बाएं तरफ के ऐऑर्टिक वाल्व का टावी प्रोसीजर के जरिए वाल्व चेंज करने का निर्णय लिया. इसके साथ ही साथ दाहिने तरफ के ख़राब ट्राइकस्पिड वाल्व को भी खोलने का निर्णय लिया. हार्ट के बाएं हिस्से में स्थित पुरानी 2010 की सर्जरी द्वारा लगाए गए एओर्टिक वाल्व के अंदर ही जांघ की नासिका के रास्ते बिना छाती खोले नया वाल्व लगाया जिसे सेल्फ एक्सपेंडिंग वाल्व कहते हैं.

# जल संरक्षण के दिशा में विभागों का कार्य सराहनीय निदेशक - रंजीता रश्मि

## जिले में जल संरक्षण के कार्यों की अद्यतन प्रगति की ली समीक्षा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिले में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के लिए दिल्ली से जल शक्ति अभियान की नोडल अधिकारी रंजीता रश्मि रायगढ़ पहुंची। यहां उन्होंने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर कैच द रेन कार्यक्रम के तहत जिले में हुए कार्यों के अद्यतन प्रगति के बारे में जानकारी ली। सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने जिले में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में किए जा रहे विभिन्न विभागों के कार्यों व नवाचारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। निदेशक रंजीता रश्मि ने सभी विभागों के जल संरक्षण एवं जल स्त्रोत संवर्धन की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जिले में बेहतर कार्य हो रहे है। उन्होंने पीएचईओ को जल जीवन मिशन के कार्यों में आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने प्रजेन्टेशन के माध्यम से जिले में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए




बताया कि भौगोलिक स्थिति के अनुसार जल स्त्रोतों को संवारने का कार्य किया जा रहा है। प्राकृतिक जल संवर्धन के माध्यम से भू-जलस्तर सुधारने का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत प्राकृतिक जल स्त्रोतों, नदी, नालों के साथ ही अमृत सरोवर, उद्योगों के सहयोग से तालाबों पर कार्य किया गया है। जिससे वर्षा के जल को अधिक से अधिक संचय किया जा सका। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा नदी तट में भी वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न विभागों ने जल संचय एवं जल स्त्रोत संरक्षण के लिए किए जा रहे विभागीय कार्यों की जानकारी दी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में अमृत सरोवर पर कार्य किया

**दिल्ली से पहुंची जल शक्ति अभियान की निदेशक- रंजीता रश्मि**

जा रहा है। इसके साथ ही उनमें पीचिंग एवं निर्देशानुसार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, देश की रक्षा से जुड़े जवानों, केन्द्रीय अद्धसैनिक बल एवं राज्य पुलिस बल से जुड़े हुए जवान जिन्होंने अपनी प्राणों की आहूति दी है। उनका नाम अंकित करने हेतु शीलापलकम शिला पट्टिका लगाने का कार्य भी पूर्ण किया जा चुका है। इसी प्रकार अमृत वाटिका के माध्यम से वृक्षारोपण भी किया जा रहा है। नरेगा के माध्यम से रोजगार मूलक कार्यों के साथ ही जल संरक्षण हेतु विभिन्न कार्य किए जा रहे है। इसी प्रकार केलो परियोजना के अधिकारी ने बताया कि केलो डेम के माध्यम से सिंचाई के साथ ही वाटर रिचार्ज का कार्य हो रहा है। वहीं नहरों के माध्यम से तालाबों को भी जल प्रदाय किया जा रहा है। वन विभाग ने बताया कि विभाग द्वारा नरवा उपचार, चेक डेम, गेबियन, कंटूर ट्रेच, बोल्डर चेक डेम जैसी विभिन्न संरचनाएं बनायी जा रही है। जिससे भूजल स्तर में सुधार के साथ ही वन्य जीवों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इसी प्रकार स्वच्छ भारत मिशन एवं जल जीवन मिशन के अधिकारी ने भी अपनी कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले के किसानों द्वारा सबसे अधिक धान की खेती किया जाता हैए जिसमें सबसे अधिक पानी की आवश्यकता होती है। उन्हें कम पानी वाले फसलों को लेने के लिए प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, ज्वाईंट कलेक्टर धनीराम रात्रे, डिप्टी कलेक्टर रेखा चंद्रा, डिप्टी कलेक्टर शिव कुमार कंवर, सीजीएम डीआईसी एसके राठौर, पीईएचई परीक्षित चौधरी, ईई जल संसाधन विभाग ईई केलो परियोजना, पीण्आरण्फुलेकर सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



### अयोग्य को टिकट मिलने से लोग रिजेक्ट कर देते हैं

# सीएम भूपेश बोले- आवेदन करने वाले भी जानते हैं कि जीतने वाला कौन है




**रायपुर।** कांग्रेस में टिकट की दावेदारी का आज आखरी दिन है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में आवेदन आज शाम तक जमा किए जाएंगे। प्रदेश की ज्यादातर विधानसभा सीटों में दावेदारों की लम्बी लिस्ट हैं। जिसे लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा टिकट के लिए आवेदन करने वाले भी जानते हैं कि उनके क्षेत्र में चुनाव जीतने लायक कौन है। अगर योग्य को टिकट मिलती है, तो वे संतुष्ट हो जाते हैं,अगर कमतर को टिकट मिलती है, तो नारजगी दिखती है। सीएम ने कहा कि ब्लॉक स्तर पर आवेदन मिलने से ये पता चल रहा है कि कौन चुनाव लड़ने के इच्छुक है। उन्होंने कहा कि जब अयोग्य व्यक्ति का चयन होता है, तो लोग उन्हे रिजेक्ट कर देते हैं।

**दूसरे राज्यों के कांग्रेस विधायकों की भी लगेगी ड्यूटी**

बीजेपी के दूसरे राज्यों के 57 विधायक इस समय छत्तीसगढ़ के दौरे पर हैं और हर विधानसभा क्षेत्र में इनकी ड्यूटी लगाई है। जिसे लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि चुनाव के वक्त ड्यूटी लगती है, यहां से भी विधायक असम, हिमाचल, उत्तरप्रदेश और झारखंड गए थे। वैसे ही वे भी आए हैं। उन्होंने बताया कि दूसरे राज्यों के कांग्रेस विधायकों की भी छत्तीसगढ़ में ड्यूटी लगेगी।

# छत्तीसगढ़ में बारिश पर ब्रेक, बढ़ेगी गर्मी, 4 से 5 दिन बाद हो फिर एक्टिव होगा मानसून



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बीते कुछ दिनों से झमाझम बारिश हो रही थी लेकिन अब इस पर ब्रेक लगने वाला है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आज से बारिश की गतिविधियां कम होने लगेगी। बीते दिनों प्रदेश के कई जगहों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई थी। लेकिन आज से बारिश पर ब्रेक लगने के साथ ही तापमान में बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक प्रदेश में 4 से 5 दिनों के बाद फिर अच्छी बारिश हो सकती है। फिलहाल तापमान बढ़ने से उमस लोगों को परेशान कर सकता है। बीते कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश की वजह से कुछ हिस्सों में जलभराव की स्थिति देखने को मिली।

### एक नजर

## कसाब को फांसी दिलाने वाली देविका का सम्मान



**रायपुर।** रायपुर में रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुंबई हमला 26/11 की आई विटनेस देविका रोटावन को भी साहसी गर्ल के रूप में अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। देविका को छत्रपति शिवाजी टर्मिनल पर आतंकी कसाब ने दाहिने पैर में गोली मारी थी, लेकिन बेहोश होने से पहले उसने उसका चेहरा देख लिया था, बाद में उसी की गवाही ने कसाब को फांसी की सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाई। भारत 26 नवंबर 2008 के मुंबई आतंकी हमले के जख्म को कभी भुला नहीं सकता। 10 आतंकियों ने 3 दिनों तक मुंबई में अपनी बंदूकों से अंधाधुंध फायरिंग की। इस घटना में करीब 164 देशी-विदेशी नागरिक और 8 पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे। एक आतंकी अजमल कसाब को पुलिस वालों ने जिंदा पकड़ा लिया था, जिसे बाद में फांसी दी गई।

# सीए के खाते में सट्टे का ट्रांजेक्शन, सोना समेत नकद जब्त




**रायपुर।** महादेव सट्टा ऐप मामले में ईडी ने राजधानी के अवंति विहार निवासी चार्टेड अकाउंटेंड हर्षल सदवानी के घर पर दबिश दी है। मिली जानकारी के मुताबिक हर्षल पियूष भाटिया का सीए है। उसके खाते में सट्टे से जुड़ा लंबा ट्रांजेक्शन मिला है। इसके अलावा उसके घर से 3 अलमारियों से भारी मात्रा में सोना और तीन बैग में करीब 20 से 25 लाख रुपए नकदी बरामद हुआ है। ईडी ने उसके कंप्यूटर का सीपीयू, मोबाइल और लैपटॉप भी जब्त किया है।? घर में स्थित उसके ऑफिस को भी सील कर ईडी सुबह 6 बजे रवाना हो? गई है। मामले में और बड़ा खुलासा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## ई-रिक्शा पलटने से 9 बच्चे घायल

दुर्ग। दुर्ग जिला अंतर्गत अंडा थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा पलटने से 9 स्कूली छात्र घायल हो गए। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। ये सभी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल निकुम के छात्र हैं। स्कूल जाते समय रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। मंगलवार सुबह ई रिक्शा चालक स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल मोहंदीपार निकुम में पढ़ने वाले बच्चों को लेकर निकला था। रास्ते में अचानक उसका ई रिक्शा पलट गया।

### 56 की उम्र में भी बन सकेंगे प्रोफेसर

# 56 साल बाद बदला गया भर्ती नियम, राजपत्र में हुआ प्रकाशन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सरकारी कॉलेजों में 56 के उम्र में भी प्रोफेसर बन सकेंगे। भर्ती नियम में बदलाव किया गया है। पहले शासकीय महाविद्यालयों में प्राध्यापक बनने की अधिकतम आयु 45 वर्ष थी। शैक्षणिक सेवा (कॉलेज सेवा) भर्ती नियम 1967 में भी प्रोफेसर के लिए अधिकतम आयु यही थी। इस तरह से 56 साल बाद अधिकतम आयु संबंधी नियम बदला है। इसके अनुसार ही अब शासकीय कॉलेजों में प्रोफेसर की भर्ती होगी। उच्च शिक्षा से जुड़े राज्य में 285 सरकारी कॉलेज हैं। यहां प्रोफेसर के कुल 682 पद हैं। सभी खाली हैं। दो साल पहले 595 पदों के लिए भर्ती निकाली गई थी। बाद में इसे रोक दिया गया। अब भर्ती को लेकर नया नियम लागू हो चुका है। इसके बाद संभावना है कि जल्द ही प्रोफेसर की सीधी भर्ती निकलेगी। इस बार भी पांच सौ से ज्यादा पदों पर प्रोफेसर की सीधी भर्ती होगी।

**10 साल का अध्यापन अनुभव जरूरी**

प्रोफेसर बनने के लिए जो मापदंड तय किए गए हैं उसके अनुसार विवि और कॉलेज में दस साल का अध्यापन अनुभव जरूरी है। इसी तरह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सूचीबद्ध जर्नल में शोध प्रकाशन भी जरूरी है। इसी तरह उत्कृष्ट पेशेवर जो किसी भी शैक्षणिक संस्थान में नहीं है, लेकिन जिसने इंडस्ट्री से संबद्ध विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है उसके पास दस साल का अनुभव है, तो वह इस पद के लिए पात्र है।

# भाजपा के 21 प्रत्याशियों की क्लास-पार्टी के बड़े नेता देंगे जीत का मंत्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए 21 प्रत्याशियों का ऐलान करने के बाद भाजपा सभी उम्मीद्वारों को जीत की तैयारी के लिए प्रदेश मुख्यालय बुलाया है। आज पार्टी के बड़े नेता चुनावी रणनीतियों को लेकर इनकी क्लास लेंगे। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में ये बैठक होगी। जहां वरिष्ठ नेता सभी प्रत्याशियों को चुनावी टिप्स देंगे साथ ही विधानसभावार ग्राउंड स्ट्रैटजी पर चर्चा होगी।

टिकट जारी होने के बाद ये पहला ऐसा मौका होगा जब सभी 21 प्रत्याशी एक साथ पार्टी के बड़े नेताओं से बातचीत करेंगे। जानकारी के मुताबिक प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सहप्रभारी नितिन नबीन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय और प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव मौजूद रहेंगे।

**इन मुद्दों पर होगी चर्चा**

विधानसभा के हर बूथ पर कितना समय देना है और क्षेत्र में किन नेताओं का दौरा होना चाहिए।
प्रदेश के अलावा स्थानीय स्तर के मुद्दे कौन से होंगे जिन्हें लेकर जनता के बीच जाएंगे।
जनसम्पर्क की क्या स्ट्रैटजी होगी।
क्षेत्र के मौजूदा विधायक की ताकत और कमियां क्या हैं।
चुनाव से पहले कितनी सभाएं आयोजित की जाएंगी।

### महिलाएं, युवतियां, बच्चे भी हुए शामिल उमड़ा जनसैलाब

# भगवा कपड़ों में कांवड़ लेकर भारी संख्या में निकली कांवड़ यात्रा, लगे बोल बम, हर हर महादेव के लगे जयकारे

बिलासपुर सावन में देश भर के सभी प्रसिद्ध शिव मंदिरों मैं कांवर यात्रा निकालकर जलाभिषेक की परंपरा है। कांवर यात्रा के लिए देशभर से शिव भक्त बैजनाथ धाम देवघर में जुटते हैं। इसी परंपरा की सफल शुरुआत करते हुए बिलासपुर में बड़ी संख्या में शिव भक्त जुटे।



कांवर यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां भी शामिल हुई हैं, कुछ बच्चे भी कांवर लेकर नंगे पांव चलते नजर आ रहे हैं। भगवा वस्त्र में कंधे पर कावड़ लिए बोल बम का उद्घोष करते शिव भक्त छठघाट से निकल पड़े। इनके आगे- आगे भजनों के साथ डीजे चल रही है। रास्ते भर कावर यात्रियों के स्वागत सत्कार हुआ। कावंड यात्रियों पर पुष्प वर्षा की गई। जगह-जगह फल , शरबत ,पानी आदि कावर यात्रियों को प्रदान किया गया।

आपातकाल के लिए कावर यात्रियों के साथ चलित अस्पताल, एंबुलेंस भी रही। कांवर यात्रा गुरु नानक चौक, दयालबंद, सदर बाजार देवकीनंदन चौक, पुराना सरकंडा पुल, सुभाष चंद्र बोस चौक, नूतन चौक होते हुए सरकंडा जोरापारा स्थित नंदेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। जहां भोले भंडारी का जलाभिषेक किया गया। मंदिर की खास सजावट की गई थी। मंदिर में प्रसाद- भंडारा का वितरण किया गया।

## सर्व हिंदू समाज, बजरंग दल ने किया स्वागत

आज की इस यात्रा का भव्य रूप से विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के द्वारा गुरुनानक चौक पर पुष्प वर्षा कर फल पानी चाय दूध इत्यादि बांटकर कंवर यात्रा का स्वागत किया। प्रांत के संगठन मंत्री जितेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष ललित मखीजा, विभाग सह संयोजक अंकुश ठाकुर, अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सोनी,सह संयोजक रुपेश शुक्ला,श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दाहिर प्रखंड,प्रचार प्रसार प्रमुख विश्वजीत महापात्र से एवं समस्त प्रखंडों से सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# निर्वाचन को लेकर झारसुगड़ा में हुई अंतर्राज्यीय उच्च स्तरीय बैठक

## बैठक में शामिल हुए छ.ग.और ओडिशा के सीमावर्ती 5 जिलों के कलेक्टर,एसपी



जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के मद्देनजर मंगलवार को छत्तीसगढ़ और ओडिशा के पांच सीमावर्ती जिलों के कलेक्टर व एसपी की कानून व्यवस्था और निर्वाचन के संचालन को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक झारसुगड़ा कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। बैठक में रायगढ़ के साथ सारंगढ़ बिलाईगढ़, झारसुगड़ा, बरगढ़ और सुंदरगढ़ जिले के कलेक्टर एसपी शामिल हुए। सीमावर्ती इन जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों ने निर्वाचन के दौरान अंतर्राज्यीय सीमा पर सुरक्षा और निगरानी के लिए रणनीति बनाने को लेकर गहन चर्चा हुई। जिससे सीमा पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही निर्वाचन के दौरान अंतरर्राज्यीय सीमा से पैसों तथा शराब के परिवहन पर रोकथाम लगाने के लिए उपायों पर चर्चा की गई। छत्तीसगढ़ और ओडिशा राज्य के सीमावर्ती थाने मे वायरलेस सेट ऑपरेटर के मध्य सतत् संचार कर सूचना का आदान-प्रदान करने पर चर्चा की। सभी जिलों के कलेक्टर व एसपी ने इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु सहमति जताते हुए चेकपोस्ट व अन्य आवागमन के रास्तों पर विशेष निगरानी रखने की बात कही। बैठक के दौरान सीमा जांच बिन्दुओं तथा सीलिंग प्वाईंट के साथ आदतन अपराधियों व निगरानी बदमाशों की सूची उपलब्ध कराने पर सहमति प्रदान की गई। इस मौके पर सीमावर्ती राज्य नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सतत् संपर्क बनाने व आवश्यक सूचना के आदान-प्रदान को लेकर प्रत्येक जिले में व्यवस्था बनाने की बात रखी गयी।



बैठक में रायगढ़ के कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, सारंगढ़.बिलाईगढ़ की कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी व पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, झारसुगड़ा की कलेक्टर अबोली सुनील नरवणे व पुलिस अधीक्षक परमार स्मित पुरषोत्तम दासए बरगढ़ कलेक्टर मोनिषा बनर्जी व पुलिस अधीक्षक प्रहलाद सहाय मीणा, सुंदरगढ़ कलेक्टर डॉ.गवाली पराग हरसद व पुलिस अधीक्षक प्रत्युष दिवाकर शामिल हुए।

## सबसे बोल्ड टीवी रियलिटी शो होस्ट करेंगी दिव्या अग्रवाल, होगी रोमांस की सारी हदें पार



दिव्या अग्रवाल कई रियलिटी शो में बतौर प्रतियोगी हिस्सा रह चुकी हैं. हालाँकि, इस बार पहली बार एक होस्ट की भूमिका निभाने वाली हैं. दिव्या को किस इश्क एन कनेक्शन्स (के.आई.एन.के) नाम के एक रिलेशनशिप-बेस्ड रियलिटी शो की होस्टिंग के लिए चुना गया है. यह शो छह जोड़ों के एक-दूसरे के लिए प्यार का टेस्ट लेगा. दमन और दीव में फिल्माए गए इस शो में इन जोड़ों को मुश्किल सिचुएशन्स में रखा जाएगा. साथ ही, यह शो अतरंगी ओटीटी और टीवी पर आएगा.

दिव्या अग्रवाल स्प्लिट्सविला की रनरअप हैं और ऐस ऑफ स्पेस की विनर हैं. इसलिए, एक्ट्रेस को रिश्ते पर आधारित रियलिटी शो की मेजबानी करते देखना खुशी की बात होगी.



## बॉडीकॉन रेड गाउन में अनन्या पांडे लगाया हॉटनेस का तड़का

### कर्वी फिगर ने खींचा ध्यान

अनन्या पांडे उन स्टार किड्स में हैं, जिन्होंने काफी कम वक्त में सिर्फ अपने दम पर इंडस्ट्री में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर के दर्शकों के दिलों में खास जगह बना ली है. आज फैंस अनन्या की एक झलक के लिए बेताब रहते हैं. एक्ट्रेस भी किसी न किसी वजह से अक्सर खबरों में बनी ही रहती हैं. फिलहाल तो एक्ट्रेस अपनी फिल्मों, लव लाइफ और स्टाइल जैसी कई वजहों से सुर्खियों में हैं. हालांकि, इस बार उनका नया लुक सभी का ध्यान खींच रहा है.

अनन्या ने कुछ देर पहले ही अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपने लुक की झलक दिखाई है. इसमें उन्हें रेड कलर का स्लीवलेस बॉडीकॉन गाउन पहने हुए देखा जा रहा है.

इस आउटफिट को एक्ट्रेस ने बहुत ग्रेसफुल कैरी किया है. अनन्या ने इस लुक में अपना परफेक्ट कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करते हुए कैमरे के सामने एक से एक किलर पोज दिए हैं. अनन्या ने अपने इस लुक को सटल बेस, न्यूड ग्लॉसी लिप्स और शाइनी न्यूड स्मोकी आईज से कंप्लीट किया है. इसके साथ उन्होंने सिल्वर हाई हील्स कैरी की हैं और बालों को ओपन रखा है. एक्सेसरीज के तौर पर अनन्या ने सिर्फ कानों में गोल्ड ईयररिंग्स पहने हैं. एक्ट्रेस इस लुक में बहुत खूबसूरत और अट्रैक्टिव दिख रही हैं. फैंस के बीच उनका ये नया लुक काफी वायरल हो रहा है.

दूसरी ओर अनन्या के वर्क फ्रंट की बात करें तो इस वक्त एक्ट्रेस के पास कई प्रोजेकट्स कतार में हैं. जल्द ही अनन्या ड्रीम गर्ल 2 में नजर आने वाली हैं. इसके अलावा उन्हें खो गए हम कहां और कंट्रोल टाइटल से बन रही फिल्मों में भी देखा जाने वाला है।

## दिशा पटानी बनीं क्यूं करू फिकर की डायरेक्टर

अभिनेत्री दिशा पटानी ने बहुप्रतीक्षित गीत क्यों करू फिकर के लिए निर्देशक की भूमिका निभाई है, जिसे 2023 का गर्ल्स एंथम कहा जाता है। अपने निर्देशन कर्तव्यों के साथ-साथ, तेजस्वी लोफर सुंदरता अपनी उपस्थिति से संगीत वीडियो की शोभा बढ़ाती है। निखिता गांधी द्वारा गाया गया और वैभव पाणि द्वारा रचित, वायु के बोल के साथ, गाने का टीज़र 16 अगस्त, 2023 को रिलीज़ हुई। एक आकर्षक पोस्टर पहले ही जारी किया जा चुका है, जो उत्साह बढ़ा रहा है। अपने निर्देशन के अलावा, दिशा पटानी ने दो अखिल भारतीय फिल्मों, कल्कि 2898 एडी और कांगुवा में अभिनय किया है। वह 15 दिसंबर, 2023 को रिलीज होने वाली आगामी हिंदी फिल्म योद्धा का भी हिस्सा हैं।



## रजनीकांत की जेलर बॉक्स ऑफिस पर ला रही सुनामी, दुनियाभर में कमाई 500 करोड़ के पार

सिनेमा लवर्स और मेकर्स के लिए इस बार अगस्त बहुत खास है. जहां सनी देओल की फिल्म गदर 2 बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर रही है वहीं साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म जेलर भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल का बिजनेस कर रही है. रिलीज के बाद से ही इस फिल्म का देश के साथ विदेशों में भी डंका बज रहा है. ऐसे में 10वें दिन भी फिल्म ने तगड़ा कलेक्शन किया है. इसी के साथ ये फिल्म 500 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है. आइए जानते हैं रजनीकांत स्टारर जेलर ने रिलीज के 10वें दिन कितनी कमाई की है.




तमन्ना भाटिया स्टारर इस फिल्म का सॉन्ग कावाला इसकी रिलीज से पहले ही पॉपुलर हो गया था. 10 अगस्त को रिलीज हुई इस फिल्म का तहलका 10 दिन बाद भी मचा हुआ है. भारत में ही ये फिल्म 300 करोड़ के करीब पहुंच चुकी है वहीं दुनियाभर में भी फिल्म का डंका बज रहा है. रिपोर्ट के मुताबिक, रजनीकांत की जेलर ने रिलीज के 10वें दिन 18 करोड़ का कारोबार किया है. जिसके साथ फिल्म का भारत में कुल कलेक्शन 263.90 करोड़ रुपए हो गया है. वहीं दुनियाभर में इस फिल्म 500 करोड़ के पार पहुंच चुकी है. अब देखना ये होगा वीकेंड के दूसरे दिन फिल्म कितनी कमाई कर पाती है.

बता दें इस फिल्म के साथ 2 साल बाद रजनीकांत ने कमबैक किया है. इसके साथ ही ये पता चलता है थलाइवा स्टार रजनीकांत ऑल टाइम हिट स्टार हैं. ये तमिल सिनेमा की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली कालीवुड फिल्म बन गई है।

## निखिल सिद्धार्थ की स्वयंभू की शूटिंग शुरू, अभिनेता ने शेयर किया फर्स्ट-लुक पोस्टर



निखिल सिद्धार्थ ने अपनी आगामी फंतासी-एक्शन-रोमांस फिल्म स्वयंभू की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसके लिए उन्होंने फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया है। अपने इंस्टाग्राम पर अभिनेता ने पोस्टर का खुलासा किया, जिसमें एक स्क्रॉल है जिसमें उन्हें पूर्ण योद्धा मोड में दिखाया गया है, जो सुनहरी रोशनी में घोड़े पर सवार अपने धनुष और तीर से आग उगलते सर्पिन राक्षस से लड़ रहे हैं। उन्होंने स्वयंभू के पोस्टर को कैप्शन दिया: द एपिक जर्नी बिगिन्स स्स्वयंभू स्शूटबिगिन्स। इससे पहले भी, अभिनेता ने एक और महाकाव्य दिखने वाले पोस्टर का अनावरण किया था, जिसमें उन्हें हाथ में भाला लेकर अपने दुश्मनों को मारने के लिए तैयार युद्ध कवच पहने हुए दिखाया गया था।

## दूसरे वीकेंड पर भी गदर 2 की बंपर कमाई जारी, अक्षय कुमार की ओएमजी 2 भी हुई 100 करोड़ क्लब में शामिल

सुपरस्टार सनी देओल की फिल्म गदर 2 को बॉक्स ऑफिस पर दूसरा हफ्ता शुरू हो गया है, लेकिन फिल्म की कमाई पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है. फिल्म भी अब भी बॉक्स ऑफिस पर तेजी से आगे बढ़ रही है. वहीं अक्षय कुमार स्टारर ओएमजी 2 कमाई के मामले में तो गदर 2 से पीछे रह गई है, लेकिन इस फिल्म ने भी शनिवार को 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. तो चलिए जानते हैं गदर 2 और ओएमजी 2 ने शनिवार को कमाई के कितने आंकड़े छुए. सनी देओल स्टारर गदर 2 लगातार बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन कर रही है. जो रिलीज के 9वें दिन भी जारी है. शनिवार को भी




फिल्म ने कलेक्शन के मामले में ओएमजी 2 को पीछे छोड़ दिया. गदर 2 ने अपने पहले ही हफ्ते में 200 करोड़ क्लब को पार कर लिया था. वहीं अब इसके 9वें दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन भी सामने आ गया है. गदर 2 ने इस वीकेंड फिर कमाई की रफ्तार पकड़ ली है और सैकनिल्क की अर्ली एस्टीमेट रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने 9वें दिन 32 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसके साथ ही फिल्म ने कुल 336 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है. फिलहाल वीकेंड का दूसरा दिन यानी रविवार बाकी है. ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी ये फिल्म वीकेंड के दूसरे दिन भी अच्छी खासी कमाई कर सकती है.

# खेल




शिफ्त कौर समरा ने दिलाया ओलिंपिक-2024 का छठा शूटिंग कोटा

## आईएसएसएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर रही, चैंपियनशिप में 12 इवेंट के 48 कोटा दांव पर

बाकू। भारत की निशानेबाज सिफ्त कौर समरा ने सोमवार को ढ्ढस्स्न्न वर्ल्ड चैंपियनशिप में विमेंस 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन इवेंट में पांचवें स्थान पर रहकर भारत को छठा पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया। इसमें 5 राइफल इवेंट और 1 शॉटगन इवेंट शामिल है। समरा ने क्वालीफिकेशन राउंड के अंत में 589 पॉइंट्स हासिल कर पांचवें स्थान पर आने के लिए कड़ा संघर्ष किया। उनका नीलिंग में स्कोर 192 था और उन्होंने प्रोन और स्टैंडिंग में शानदार 199 और 198 पॉइंट्स हासिल किए। फाइनल में समरा शुरुआत में नीलिंग में आठवें पोजीशन पर खिसक गईं, लेकिन प्रोन और स्टैंडिंग पोजीशन में अच्छा प्रदर्शन पर समरा पांचवें स्थान पर पहुंच गई।

चीन के झांग कियोनग्यू (465.3) ने गोल्ड मेडल जीता, जबकि उनके ही देश के हान जियाये (463.5) ने सिल्वर मेडल हासिल किया। अमेरिका की सेगेन मैडालेना 451.9 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

### अखिल श्योराण ने दिलाया था पांचवां कोटा

रविवार को भारतीय शूटर अखिल श्योराण ने भारत को 11वां ओलिंपिक कोटा दिलाया था। उन्होंने बाकू में चल रही वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप के मेंस 50 मीटर 3 पोजिशन इवेंट में ब्रॉन्ज जीता था। इतना ही नहीं, वे मेंस 50 मीटर 3 पोजिशन राइफल टीम इवेंट की गोल्ड मेडलिस्ट भारतीय टीम का हिस्सा भी रहे।



श्योराण ने शूटिंग में भारत को 5वां ओलिंपिक कोटा दिलाया। इससे पहले, इस इवेंट में स्वप्निल कुसले ने पिछले साल क्रोएशिया वर्ल्ड कप में पहला कोटा दिलाया था।

### वर्ल्ड यूनिवर्सिटी में जीता था गोल्ड

*21 साल की खिलाड़ी ने इस महीने की शुरुआत में चीन के चेंगदू में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में विमेंस 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन इवेंट में गोल्ड जीता था। कौर ने फाइनल में 429.1 का स्कोर किया था। समरा ने इंटरनेशनल लेवल पर पहला इंडिविजुअल मेडल इस साल मार्च में भोपाल में आयोजित ढ्ढस्स्न्न वर्ल्ड कप में जीता था। समरा ने वर्ल्ड कप में सिल्वर मेडल हासिल किया था।*

## एक नजर

## कप्तानी में किसी तरह के नए प्रयोग नहीं करूंगा: मिशेल मार्श

**मेलबर्न** । ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल मार्श ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के सीमित ओवरों के आगामी दौरे में वह कप्तान के रूप में किसी तरह का नया प्रयोग नहीं करेंगे और इसके बजाय उसी ढर्रे पर आगे बढ़ेंगे जिस पर नियमित कप्तान पैट कमिंस और कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड चल रहे थे।



कमिंस अभी कलाई की चोट से उबर रहे हैं और उनकी अनुपस्थिति में 31 वर्षीय मार्श को ऑस्ट्रेलिया की टी20 और वनडे टीम की कप्तानी सौंपी गई है।

मार्श ने कहा,मैं संभवत: किसी तरह के नए प्रयोग नहीं करूंगा। मेरा मानना है कि नेतृत्व कौशल के लिए जो सबसे महत्वपूर्ण चीज मैंने सीखी है वह स्वयं के प्रति ईमानदार रहना है।

उन्होंने कहा, कमिंस और मैकडोनाल्ड ने हमारी टीम के अंदर बहुत अच्छा माहौल तैयार किया है और उम्मीद है कि टी20 प्रारूप में मैं इसे बनाए रखूंगा तथा ऐसा माहौल तैयार करूंगा जिसमें खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेलते हुए क्रिकेट का पूरा आनंद लेंगे।

मार्श ने उम्मीद जताई कि भारत में होने वाले वनडे विश्वकप के दौरान कमिंस उन पर भरोसा दिखाएंगे।

उन्होंने कहा,मेरा मानना है कि पैट की सबसे बड़ी खूबी यह है कि वह कप्तानी करते हुए अन्य खिलाड़ियों पर भी निर्भर रहता है। वह शानदार भूमिका निभा रहा है।

## स्मिथ का खुलासा, चोट के साथ खेलता रहा एशेज श्रृंखला

**मेलबर्न** । ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने खुलासा किया है कि इंग्लैंड के खिलाफ लार्ड्स में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के दौरान उनकी कलाई में चोट लग गई थी और वह एशेज श्रृंखला के अधिकतर हिस्से में इस चोट के साथ ही खेलते रहे। इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में 110 रन बनाए थे लेकिन इस दौरान उनकी बायीं कलाई चोटिल हो गई थी। स्मिथ ने कहा, मैं लॉर्डस में चोटिल हो गया था। मैं नहीं जानता कि चोट कब लगी लेकिन यह हादसा मैदान पर हुआ। रात को मुझे इसका पता चला। कलाई में थोड़ा सूजन आ गई थी। उन्होंने कहा, मैं इसके बाद अगले मैच में खेला और फिर ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए मैच से पहले मुझे दर्द निवारक इंजेक्शन लेने पड़े। स्वदेश लौटने पर मुझे लगा कि मैं अब भी फिट नहीं हूं। मैं अब भी कई चीजों को सही तरीके से नहीं कर सकता हूं। स्मिथ ने कहा,मैंने एक और स्कैन कराया जिससे पता चला कि कलाई में हल्का फ्रैक्चर है। ऑस्ट्रेलिया पहले दो टेस्ट मैच जीतकर इंग्लैंड में 2001 के बाद पहली एशेज श्रृंखला जीतने की तरफ बढ़ रहा था।



भारतीय टीम एशिया कप में सबसे उम्रदराज-

## हमारे 7 खिलाड़ी 30 साल से ऊपर, औसत उम्र 29; पाकिस्तान से 3 साल ज्यादा

**मुंबई।** एशिया कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो चुका है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में सबसे उम्रदराज है। भारतीय खिलाड़ियों की औसम उम्र 29 साल है। कप्तान रोहित शर्मा (36 साल 113 दिन) भारतीय टीम के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। टूर्नामेंट में हिस्सा लेने अन्य टीमों में भी रोहित से ज्यादा उम्रदराज सिर्फ बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन (36 साल 141 दिन) हैं। नेपाल के गुलशन झा 16वें एशिया कप के सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। 22 साल की औसत उम्र के साथ उनकी टीम भी टूर्नामेंट की सबसे युवा टीम है। इस स्टोरी में हम एशिया कप में के लिए घोषित हो चुकी 4 टीमों की एज एनालिसिस पढ़ेंगे। यानी सभी टीमों में शामिल खिलाड़ियों की उम्र का लेखा-जोखा। श्रीलंका और अफगानिस्तान की टीमें सोमवार तक घोषित नहीं हुई थी। लिहाजा उनके आकड़े इस स्टोरी में शामिल नहीं है।




### 1. भारतीय टीम के 7 खिलाड़ी 30 पार

टीम इंडिया के 7 खिलाड़ी 30 साल की उम्र पार कर चुके हैं। रोहित के अलावा, विराट कोहली (34 साल), रवींद्र जडेजा 34 (साल), सूर्यकुमार यादव (32 साल) , मोहम्मद शमी (32 साल), केएल राहुल (31 साल) और शार्दूल ठाकुर (31 साल) 30 से ज्यादा बसंत देख चुके खिलाड़ी हैं। टीम में सबसे युवा खिलाड़ी तिलक वर्मा हैं। वे अभी महज 20 साल के हैं।

## वर्ल्ड कप शेड्यूल में अब कोई बदलाव नहीं

### हैदराबाद संघ ने BCCI से शेड्यूल बदलने को कहा था

**मुंबई।** 5 अक्टूबर से भारत में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं होगा। BCCI ने हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के पत्र के जवाब में साफ कहा है कि अब वर्ल्ड कप शेड्यूल में बदलाव संभव नहीं है। कुछ दिन पहले हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन ने सुरक्षा का हवाला देते हुए शेड्यूल में दोबारा बदलाव करने को कहा था। दरअसल, भारत-पाकिस्तान मुकाबले की तारीख बदलने से हैदराबाद को 9 और 10 अक्टूबर को लगातार दो दिन वर्ल्ड कप मैच कराने पड़ रहे हैं।




एक दिन पहले रविवार को वर्ल्ड कप शेड्यूल में दोबारा बदलाव की सूचना आई थी। तब हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (HCA) ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) को लेटर लिखा था कि उप्पल के राजीव गांधी स्टेडियम में 9 अक्टूबर और 10 अक्टूबर को होने वाले मुकाबलों में से एक का शेड्यूल बदला जाए। स्टेट एसोसिएशन ने पुलिस के हवाले से लगातार दो मुकाबलों के आयोजन पर चिंता जाहिर की थी।

### भारत-पाकिस्तान मुकाबले की तारीख बदली

वर्ल्ड कप शेड्यूल में इतने बदलाव भारत-पाकिस्तान मैच की तारीख बदलने के कारण हुए हैं। सबसे पहले यह मुकाबला 15 अक्टूबर को खेला जाना था, लेकिन सुरक्षा कारणों से पहले भी 9 मैचों का शेड्यूल बदला जा चुका है। 10 अक्टूबर को खेले जाने वाला मैच पहले 12 अक्टूबर को खेला जाना था, लेकिन भारत-पाकिस्तान मैच की तारीख में बदलाव की वजह से हैदराबाद में लगातार दो मैच खेले जाने हैं।

# निर्वाचन को लेकर झारसुगुड़ा में हुई अंतर्राज्यीय उच्च स्तरीय बैठक

## छत्तीसगढ़ और ओड़िसा के 5 सीमावर्ती जिलों के कलेक्टर,एसपी हुए शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के मद्देनजर आज छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के पांच सीमावर्ती जिलों के कलेक्टर व एसपी की कानून व्यवस्था और निर्वाचन के संचालन को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक झारसुगुड़ा कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। बैठक में रायगढ़ के कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार भी शामिल हुए। बैठक में रायगढ़ के साथ सारंगढ़,बिलाईगढ़, झारसुगुड़ा, बरगढ़ और सुंदरगढ़ जिले के कलेक्टर एसपी शामिल हुए। सीमावर्ती इन जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों ने निर्वाचन के दौरान अंतर्राज्यीय सीमा पर सुरक्षा और निगरानी के लिए रणनीति बनाने को लेकर गहन चर्चा हुई। जिससे सीमा पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही निर्वाचन के दौरान अंतरर्राज्यीय सीमा से पैसों तथा शराब के परिवहन पर रोकथाम लगाने के लिए उपायों पर चर्चा की गई। छत्तीसगढ़ और ओडिसा राज्य के सीमावर्ती थाने मे वायरलेस सेट ऑपरेटर के मध्य सतत् संचार कर सूचना का आदान-प्रदान करने पर चर्चा की। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि आगामी निर्वाचन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने हेतु सीमावर्ती जिलों का आपसी सहयोग व समन्वय बेहद अहम है। इस दौरान कलेक्टर सिन्हा ने उड़ीसा सीमा से लगे मतदान केन्द्रों पर विस्तृत चर्चा करते हुए यहां निगरानी व सुरक्षा को लेकर किए जा रहे प्रबंध के बारे में बात रखी। सभी जिलों के कलेक्टर व एसपी ने इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु सहमति जताते हुए चेकपोस्ट व अन्य आवागमन के रास्तों पर विशेष निगरानी रखने की बात कही। बैठक के दौरान सीमा जांच बिन्दुओं तथा सीलिंग प्वाईंट के साथ आदतन अपराधियों व निगरानी बदमाशों की सूची उपलब्ध कराने पर सहमति प्रदान की गई। इस मौके पर सीमावर्ती राज्य नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सतत् संपर्क बनाने व आवश्यक सूचना के आदान-प्रदान को लेकर प्रत्येक जिले में व्यवस्था बनाने की बात रखी गयी। बैठक में सारंगढ़ बिलाईगढ़ की कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी व पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, झारसुगुड़ा की कलेक्टर अबोली सुनील नरवणे व पुलिस अधीक्षक परमार स्मित परषोत्तम दास, बरगढ़ कलेक्टर मोनिषा बनर्जी व पुलिस अधीक्षक प्रहलाद सहाय मीणा, सुंदरगढ़ कलेक्टर डॉ.गवाली पराग हरसद व पुलिस अधीक्षक प्रत्युश दिवाकर शामिल हुए।





* कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार हुए सम्मिलित
* सीमावर्ती राज्य नियंत्रण कक्ष से जुड़ेंगे ये जिले, सीमा पर चौकसी व सुरक्षा को लेकर समन्वय से होगा कार्य



# विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े ने की छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का पुरस्कार वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य स्तर में हो रहे छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल अंतर्गत सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान में दो दिवसीय खेल का आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े ने विजेता खिलाड़ियों, आयोजकों, राजीव युवा मितान क्लब के प्रभारी सदस्यों, जोन प्रभारियों, प्रशिक्षण अधिकारियों एवं व्यवस्था से जुड़े फार्मासिस्ट एवं अन्य अधिकारियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर राज्य गौसेवा आयोग के सदस्य पुरषोत्तम साहू, जिला पंचायत रायगढ़ की सभापति अनिका विनोद भारद्वाज, नगरपालिका सारंगढ़ की अध्यक्ष सोनी अजय बंजारे, जनपद पंचायत की अध्यक्ष मंजू मालाकार, गोल्डी नायक, विष्णु चन्द्रा, राजीव युवा मितान क्लब के प्रभारी महेन्द्र गुप्ता उपस्थित थे।

# भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत सामरी विधानसभा क्षेत्र के सुदूर इलाके में जिला पंचायत सदस्य सह अंकुश सिंह के नेतृत्व में ग्रामीण इलाके का दौरा किया

## 100 लोगों को भाजपा में शाल और गमछा देकर स्वागत किया





जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।



अंकुश सिंह के द्वारा ग्रामीण जनों से चर्चा किया गया। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया की इस कांग्रेस की सरकार के दौरान क्षेत्र में बिलकुल भी विकास नहीं हुआ है ना ही पीने के पानी की व्यवस्था है ना ही इस क्षेत्र में बिजली है साथ ही साथ ग्रामीण जनों के द्वारा बताया गया की शंकरगढ़ का यह क्षेत्र आज भी बुनियादी सुविधाओं के अछूता है। कांग्रेस सरकार के द्वारा केवलऔर केवल झूठे वादे किए जा रहे हैं। साथ ही साथ उपस्थित 100 लोगों को भाजपा परिवार में शाल और गमछा देकर परिवार में स्वागत किया गया। के कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सह महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजेता तिर्की, सरपंच पुशती नाग, उपसरपंच रामसेवक यादव,बीडीसी हरिश्चंद्र नाग, भाजपा पिछड़ा वर्ग जिला मंत्री राजेंद्र यादव वरिष्ठ भैया नेता रामरूप यादव, मण्डल उपाध्यक्ष प्रीतम यादव,आकाश सिन्हा, राजेश यादव,सर्वेश यादव, दीपक यादव, लवकेश यादव, कृष्णा यादव मनबहाल सिंह, रामसावर्थ यादव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ीया ओलम्पिक में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता आयोजन देवभोग में

**देवभोग**। छत्तीसगढ़ीया ओलंपिक में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता के उद्घाटन के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष नेहा सिंघल का पिट्ठूल पर निशाना चुका तो अध्यक्षता कर रहे आदिवासी प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव चुटकी लेकर बोले पारंपरिक खेल के प्रति रुचि लाने कांग्रेस सरकार ने चलाया है मुहिम। जनपद पंचायत के तत्वाधान में सोमवार को देवभोग हाईस्कूल मैदान में ब्लॉक स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का शुभारंभ किया गया।राजकीय गीत व दीप प्रज्वलन के बाद अतिथियों से पिट्ठूल खेल खिलाकर खेल की शुरुआत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष नेहा सिंघल ने पिठ्ठुल पर पहला निशाना लगाया लेकिन उनका निशाना चूक गया। ब्लॉक महामंत्री अरुण सोनवानी ने एक निशाने में ही पिठ्ठुल के सारे करपी उड़ा डाले। हंसी ठिठोली के बीच खेल की शुरुवात हुई। इसी बीच कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश



अध्यक्ष जनक ध्रुव ने कहा की भाजपा सरकार के काल में छत्तीसगढ़िया परंपरा विलुप्त हो चुका था,कांग्रेस की भूपेश सरकार इसे पुनर्जीवित किया है। भाजपाई इसलिए खेल से अनजान है,गांव-गांव की प्रतिभा निखर कर सामने आ रही है,भाजपाइयों को भी खेल सीखने की नसीहत दिया है। खेल में जनपद उपाध्यक्ष सुखचंद बेसरा,सीईओ प्रतिक प्रधान,बीईओ देवनाथ बघेल ने भी सफल हाथ आजमाया। शुभाआरंभ अवसर पर जिला उपाध्यक्ष दुर्गाचरण अवस्थी,ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र मांझी,मदन ठाकुर,उमेश डोंगरे,आशीष पांडे,महेश्वर बघेल,भविष्य प्रधान समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि गण मौजूद थे। खो-खो में डीएव्ही पहूंची फाइनल- क्रीड़ा प्रभारी दुर्गेश टाडिल्य ने बताया की ब्लॉक स्तरीय इस प्रतियोगिता में कूल 7 जोन से 400 खिलाड़ी भाग ले रहे है। खो-खो,कबड्डी,रेस के अलावा 16 पारंपरिक खेल खेले जाएंगे। आज 8 खेल संपन्न हुआ,जिसमे आधे प्रतिभागी भाग लिए। खो-खो का फाइनल मैच संपन्न हो चुका है,जिसमे डीएव्ही मूंगझर स्कूल की बालिकाओं ने बाजी मार लिया है,दूसरे स्थान पर देवभोग जोन रहा। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षक जोजन सिन्हा,मिलन सोनवानी,तेजराज ठाकुर,यशवंत बघेल,विक्रम दौरा,गीता ठाकुर,पायल ठाकुर,दिव्या सोनवानी,समिता शांडिल्य,ऋतु नेताम समेत जनपद स्टाफ अपनी ड्यूटी दे रहे है।

# स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जोबी कॉलेज के एनएसएस विद्यार्थियों ने रैली निकालकर लोगों को किया मतदान हेतु प्रेरित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी.बर्रा के एनएसएस विद्यार्थियों ने स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली निकालकर क्षेत्रवासियों को आगामी निर्वाचन में शत-प्रतिशत अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किए। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्थानीय क्षेत्रवासियों को मतदान के महत्व को समझाया और उन्हें यह संदेश दिया कि वोट देना न केवल उनका अधिकार है, बल्कि यह देश के भविष्य को निर्धारित करने का माध्यम भी है। स्वीप कार्यक्रम अंर्तगत विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में नव प्रवेशित छात्र.छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रोत्साहित किया। रैली में उन्होंने बैनर पोस्टर के माध्यम से स्थानीय लोगों को वोट का महत्व समझाते हुए कहा कि यह सिर्फ उनके खुद के लिए ही नहीं, बल्कि समाज के विकास के लिए भी होता है। उन्होंने आपसी बातचीत के माध्यम से क्षेत्र में घूमकर लोगों को प्रत्येक वोट के महत्व को समझाते हुए ईवीएम मशीन की उपयोगिता बतायी।

रैली में बीएससी अंतिम वर्ष से कु.मनीषा देवांगन, कु.उमेश्वरी राठिया, कुण्मधु महंत, कु.किरण राठिया, बीए अंतिम वर्ष से कु.सुरेश्वरी साहू, कु.सुषमा यादव और कु.तुलेश्वरी गबेल, बीएससी द्वितीय वर्ष से कु.नेहा राठिया एवं बीएससी प्रथम वर्ष से कु. जया देवी डनसेना व बीए प्रथम वर्ष से कुण्अंकिता देवांगन का योगदान उल्लेखनीय रहा। प्राचार्य रविंद्र कुमार थवाईत के निर्देशानुसार सहायक प्राध्यापक व एनएसएस नोडल अधिकारी सुरेंद्र पाल दर्शन के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में सहायक प्राध्यापक वासुदेव प्रसाद पटेल, योगेंद्र कुमार राठिया एवं डॉ. ज्ञानमणि एक्का, अतिथि व्याख्याता राम नारायण जांगड़े, रितेश राठौर एवं राहुल राठौर सहित महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव ने 28 अगस्त से आगामी 3 सितम्बर तक चिह्नांकित की गयी जगहों पर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए

## कलेक्टर एल्मा ने अब तक की गयी कार्रवाई से अवगत कराया

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



छत्तीसगढ़ में आवारा मवेशियों के सड़कों पर घूमने और दुर्घटनाएं को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के पारित आदेश के परिपालन में लावारिस पशुओं की पहचान एवं विस्थापन के संबंध में बीते जुलाई माह को जिला कलेक्टरों की वीडियो कन्फें सिंग लेकर निर्देश दिए थे। आज मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने जिला कलेक्टरों की वीडियो कन्फ्रेंसिंग लेकर प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि 28 अगस्त से आगामी 3 सितम्बर तक चिह्नांकित की गयी सड़कों पर घूमने वाले पशुओं पर विशेष अभियान चला कर कार्रवाई की जाये। उन्होंने जिला कलेक्टरों से सुझाव के साथ सवाल किए और उसका निदान के बारे में पूछा। मुख्य सचिव ने बारी-बारी से जिला कलेक्टरों से जानकारी ली। जिला बेमेतरा की बारी पर कलेक्टर पीएसएल्मा ने जानकारी देते हुए मुख्य सचिव को बताया कि जिले मे पशु के कारण होने वाले दुर्घटनाजन्य सड़को को चिन्हांकन कर किया गया है। जिसमे नगर पंचायत बेरला क्षेत्रांतर्गत मिनीमाता चौक, साजा बाई पास रोड, तीन बत्ती चौक एवं मुख्यमंत्री स्वावलंबन दुकान के सामने वाली जगह शामिल है। इसके अलावा नगर पंचायत बेरला क्षेत्रांतर्गत पांच कैचमेंट एरिया का चिंन्हाकन किया गया है। गोपालकों जिनके मवेशी सड़कों पर घूम रहे हैएउन पर जुर्माना की कार्रवाई के साथ समझाइस भी दी जा रही। कलेक्टर ने पालतू मवेशियों एवं आवारा पशु कि संख्या की जानकारी से अवगत कराया। चिह्नांकित जगह पर या मुख्य मार्ग में घूमते मवेशियों को गोशाला, कांजीहाउस और गौठानों में रखा गया है। उनके चारा-पानी आदि की व्यवस्था है। ऐसी गौठानों की मैपिंग जा रही है। जिले में पशुओं को हटाने के लिए जिले के नगरीय निकाय द्वारा व्यवस्था कर ली गई है और घुमन्तु पशुओं को सड़क से हटाने के लिए समिति का व सदस्यों दल गठन किया गया हैं। कलेक्टर ने बताया कि समाचार पत्र तथा मूनादी के माध्यम पशु मालिकों को पशुओं के उचित रख रखाव की व्यवस्था किये जाने हेतु समझाईस तथा पशुओं को आवारा छोडे जाने पर जुर्माना की चेतावनी दी गई है। आम जनता एवं मीडिया द्वारा चिन्हाकित सड़को पर पशुओं के आने संबंधित शिकायत मिलने पर, शिकायत रजिस्टर बनाया गया है व निदान 1100 के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निराकरण किया जाता है। पशु अतिचार पर निगरानी के लिए शासकीय कर्मचारियों की ड्युटी तथा पशु मालिकों के उपर अर्थदण्ड आरापित करने की कार्यवाही की जाती है। वर्तमान त्रैमास में पशुओं के कारण सड़क दुर्घटना की जानकारी निरंक है। गौठान में रखे हुए पशुओं की देखग्रेख हेतु मानवबल एवं खानण्पान हेतु शासन स्तर से अनुदान राशि की व्यवस्था किये जाने पर प्रभावित ढंग से कार्यवाही की जा सकती है। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी लीना कमलेश मंडावी, उप संचालक,पशु चिकित्सा सेवा सहित जिले के सभी नगरपालिका अधिकारी,सीईओ जनपद, मोजूद थे।

## एक नजर

### उमाचरण सिदार को कार्य पर उपस्थित होने सूचना जारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सहायक संचालक उद्यान, रायगढ़ ने शासकीय उद्यान रोपणी खरसिया के माली उमाचरण सिदार को शीघ्र ही अपने कर्तव्य पर उपस्थित होने हेतु सूचना जारी किया है। उन्होंने कहा कि उक्त सूचना पत्र के बाद भी अगर सिदार अपने शासकीय कार्य पर उपस्थित नहीं होते है तो यह मान लिया जायेगा कि वे शासकीय कार्य करने के इच्छुक नहीं है। तत्पश्चात उनकी सेवा समाप्ति करने की नियमानुसार कार्यवाही संचालनालय को प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा। जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। सहायक संचालक उद्यान ने जानकारी देते हुए बताया कि माली उमाचरण सिदार विगत 21 जनवरी 2023 से बिना आवेदन पत्र दिए अपने कार्य एवं मुख्यालय से अनुपस्थित है। कार्य पर उपस्थित होने हेतु उन्हें कई बार लेख किया गया है। उसके बावजूद भी वे आज पर्यन्त तक उपस्थित नहीं हुए है। यहां तक के उनके गृहग्राम भी जाकर उन्हें पत्र सौंपा गया लेकिन उनके द्वारा अनदेखा कर निर्देशों की अवहेलना करते हुए ना तो अपने कार्य पर उपस्थित हुए और न ही कार्यालय के पत्रों का प्रतिउत्तर दिया गया है।

### असामायिक मृत्यु के तीन प्रकरणों में सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

अनुविभाग रायगढ़ अंतर्गत प्राकृतिक आपदा के तहत तीन लोगों की असामायिक मृत्यु होने पर कलेक्टर रायगढ़ के अनुमोदन पश्चात एसडीएम रायगढ़ द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6.4 के संशोधित प्रावधान अनुसार मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4.4 लाख रूपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। कार्यालय कलेक्टर से प्राप्त जानकारी के अनुसार किरोड़ीमल नगर की आस्था कश्यप 27 फरवरी 2023 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता संजय कुमार कश्यप को 4 लाख रुपयेए ग्राम.औरदा तहसील पुसौर के उदयनाथ पाव की 9 सितम्बर 2022 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पिता श्याम कुमार पाव को 4 लाख रुपये तथा ग्राम एकताल के उद्धव मिरधा की 21 फरवरी 2023 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी सुनीता को 4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 अगस्त तक

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के अन्तर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय भारत सरकार को ऑनलाइन आवेदन 31 अगस्त 2023 तक प्रस्तुत किया जायेगा इस पुरस्कार के लिए ऑनलाइन पोर्टल पद पर किया जा सकता है। बाल पुरस्कार हेतु सामाजिक विज्ञान खेल, साहसी कार्यो, कला एवं संस्कृति, पर्यावरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के क्षेत्र मे उत्कृष्ठ कार्य करने वाले बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार दिया जाता है। यह पुरस्कार 26 दिसम्बर वीर बाल दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति के द्वारा दिया जाना है पुरस्कार हेतु 6 वर्ष से अधिक एवं 8 वर्ष से कम आयु के बालक एवं बालिकाएं आवेदन कर सकते है। आवेदन से संबधित अन्य जानकारी हेतु जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग से सम्पर्क किया जा सकता है।

### नवोदय विद्यालयों के कक्षा 6वीं में चयन परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 अगस्त

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

शिक्षा सत्र 2023-24 में जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए आनलाइन पंजीकरण की तिथि 25 अगस्त तक बढ़ाई गई है। पूर्व में यह तिथि 17 अगस्त 2023 निर्धारित की गई थी जिसे जवाहर नवोदय विद्यालय समिति द्वारा बढ़ाकर 25 अगस्त 2023 की गई है। आनलाइन पंजीकरण करने की प्रक्रिया जवाहर नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट नवोदय डॉट जीओवी डॉट इन पर की जा सकती है।

### रसोई गैस सिलेंडर का उपयोग मतदाता जागरूकता अभियान में

**कांकेर** । विषेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाताओं के नाम मतदता सूची में जोड़ने हेतु मतदान केन्द्रों में आवेदन प्राप्त किये जा रहें हैं। त्रुटिरहित मतदाता सूची बनाने के लिए जिला प्रषासन द्वारा लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है, इसके लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं। स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले में कैंडल वाकेथान, जोहर मतदाता रैली एवं ईव्हीएम की पाठशाला, क्विज प्रतियोगिता, पेंटिंग्स प्रतियोगिता, युवा चुनाई मड़ई कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, फॉर्मेशन निर्माण, नाम जुड़वाया क्या ?, हल्बी एवं गोंडी भाषा में मतदाता जागरूकता का प्रचार प्रसार, महिलाओं को जागरूक करने के लिए मेहंदी प्रतियोगिता एवं नव विवाहित वधुओं का सम्मेलन, कॉलेजों में नए मतदाता जागरूकता अभियान, छोटे बच्चों द्वारा सीनियर छात्रों एवं अपने पाठकों को संकल्प कराया जाना, जूनियर विद्यार्थियों द्वारा सीनियर विद्यार्थियों को अनुरोध पत्र का लेखन इत्यादि गतिविधियां संचालित की जा रही है।

# हेल्थ फेडरेशन के द्वारा कलेक्टर में सौंपा गया ज्ञापन

*** घोषणा पत्र में जो किए थे वादे वह अभी तक नहीं हुए पूरे * वेतन विसंगति को लेकर पूरी वाक्यांश लगातार जारी**

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



छत्तीसगढ़ हेल्थ फेडरेशन के बैनर तलेस्वास्थ्य विभाग के विभिन्न संगठनअपनी मांगों को लेकर एकजुट होकर 21 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल में बैठ हुए थे। 48 साल में संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा घोषणा पत्र में शामिल स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत स्वास्थ कर्मियों की वेतन विसंगति सुधारे जाने एवं मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री द्वारा कोई कार्य में लगे स्वास्थ्य अमले को कोविड.19 विशेष भत्ता दिए जाने एवंविसंगति से जूझ रहे कई कैडर के अधिकारी कर्मचारी वेतन विसंगति जो नहीं हो पाया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पिंग कमेटी गठित किया था। जिसका जवाब 4 साल बीत जाने के बाद भी सरकार द्वारा सार्वजनिक नहीं किया गया ऐसे में मुख्यमंत्री के एवं पिंगला कमेटी कार्यप्रणाली का स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी विश्वास करें। छत्तीसगढ़ में चिकित्सक एवं चिकित्सा स्टाफ के साथ आए दिन हिंसात्मक घटना देखने को मिलता है कुछ महीनों में कई चिकित्सकों के ऊपर जानलेवा हमला हुआ जिस पर एफ आई आर दर्ज कर नियमानुसार कार्यवाही होना था लेकिन नहीं हुआ। ऐसे में चिकित्सा क्षेत्र में कार्य करने वाले चिकित्सक एवं चिकित्सा स्टाफ भय से मुक्त होकर मरीजों को इलाज एवं देखभाल कैसे कर पाएंगे। डॉक्टरों को चार इस्तरी वेतनमान जूनियर डॉक्टरों के वेतन वृद्धि नर्सिंग स्टाफ के ग्रेड पर में वृद्धि एच ओ एवं अन्य कर्मचारियों के विसंगतियों को दूर करने की मांग शामिल है। साथ ही जहां स्वास्थ्य विभाग में 20 अधिकारी कर्मचारियों का सेटअप है वहां पर 7 से 10 कर्मचारी कार्यरत है। से में उन 7 से 10 कर्मचारियों के ऊपर कार्य का कितना भार होगा कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी ही समझ सकते हैं।

इसलिए स्वास्थ्य विभाग में पद सेटप के अनुसार भर्ती करना अत्यावश्यक है। समस्त सामान्य अवकाश अन्य अवकाश भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निरंतर कार्य करना पड़ता है विभाग में मुख्यमंत्री द्वारा प्रत्येक सप्ताह के हर शनिवार को अवकाश घोषित किया गया है लेकिन स्वास्थ्य विभाग में अवकाश मिलना मुश्किल है। जिसके लिए अवकाश दिवस का अतिरिक्त वेतन भुगतान करना चाहिए लेकिन छत्तीसगढ़ सरकारस्वास्थ विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों के साथ केवल छलावा ही किया जा रहा है। आसपास के राज्यों के सरकार द्वारा कोविड.19 में काम करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को एक माह का अतिरिक्त वेतन दिया गया है जबकि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जस्ट इसके विपरीत किया गया अर्थात स्वास्थ विभाग के अधिकारी कर्मचारियों से उनके 1 दिन का वेतन लेकर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को विशेष रूप से प्रताड़ित किया है। और सारे कई बातों को अपने लेख में प्रदर्शित करते हुए पूरे हेल्थ फेडरेशन के द्वारा कलेक्टर को मुख्यमंत्री का नाम ज्ञापन सौंपा गया।

## एक नजर

## प्रवेश तिथि बढ़ाने अभाविप कसडोल के कार्यकर्ताओं ने कुलपति के नाम प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।




पं. दौलतराम शर्मा शास स्नातकोत्तर महाविद्यालय कसडोल के छात्र-छात्राओं ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कसडोल इकाई के नेतृत्व में महाविद्यालय में प्रवेश की तिथि बढ़ाने के लिए पं रविशंकर शुक्ल विश्विद्यालय कुलपति के नाम प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। गौरतलब है कि अभी भी महाविद्यालय में स्नातक व स्नातकोत्तर में सीट खाली है परन्तु विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश देना बंद कर दिया है। जिस वजह से बहुत से छात्र छात्राएं प्रवेश लेने से वंचित हो गए हैं जिससे छात्र-छात्राओं की भविष्य अंधेरे में है। उक्त समस्या को लेकर आज अभाविप कसडोल के कार्यकर्ताओं के साथ महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपकर तिथि बढ़ाने की मांग की अन्यथा छात्र-छात्राएं उग्र आंदोलन के लिए बाध्य रहेंगे जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन का होगा। आज के ज्ञापन सौंपने में प्रमुख रूप से प्रीतम जायसवाल, अभिषेक नवरंगे, मलय साहू, मंजीत, रफीक, गौतम, पलक, स्वेता, अल्का पैकरा, याचना पटेल, दीपमाला, फाल्गुनी सोनी, फुलेश्वरी बंजारे, कुसुम साहू, दुर्गा वर्मा, अंजली, भुवन साहू, दुष्यंत, बिरेंद, नरेंद्र, अरविंद, प्रदीप, धनेश्वर, मनीष, नीलकमल सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

## मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर शीघ्रता से करें कार्यवाही-कलेक्टर सौरभ कुमार

घुमन्तु पशुओं के व्यवस्थापन हेतु कार्यवाही के दिए निर्देश, समय सीमा की हुई बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



कलेक्टर सौरभ कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री घोषणा की अद्यतन स्थिति की समीक्षा, जल जीवन मिशन के कार्यए स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं घुमन्तु पशुओं के व्यवस्थापन की जानकारी ली तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर सौरभ कुमार ने जिले में मुख्यमंत्री की घोषणा के कार्यो के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा करते हुए अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणा अनुरूप सामुदायिक भवनों हेतु आबंटित भूमि की स्थिति, प्रशासकीय स्वीकृति की जानकारी लेते हुए कार्यो को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन संबंधी तैयारियों की जानकारी ली तथा मतदान जागरूकता हेतु स्वीप के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां जैसे नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, वाद-विवाद प्रतियोगिता, जागरूकता रैली आदि आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूल एवं कॉलेज के 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवा छात्र-छात्राओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के निर्देश दिए। सौरभ ने पशु चिकित्सा विभाग से घुमन्तु पशुओं के व्यवस्थापन हेतु की जा रही कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंनें पशु चिकित्सा विभाग को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्ग में घुमन्तु पशुओं के व्यवस्थापन हेतु पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट एवं टैग लगाकर चिन्हित किया जाए। घुमन्तु पशुओं को गौशाला व अन्य शेल्टर में रखने जैसी आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन से प्राप्त पत्रों पर निश्चित समयावधि में उचित कार्यवाही करें, बेवजह प्रकरणों को लंबित न रखा जाए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विश्वदीप, निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू एवं दिनेश कुमार नाग, समस्त एसडीएम, जनपद सीईओ, नगरीय निकाय के सीएमओ सहित सभी विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।



## जनचौपाल में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं दिए निराकरण के निर्देश

जनचौपाल में आए 215 आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



जिला कार्यालय में आज आयोजित जनचौपाल में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर सौरभ कुमार से मुलाकात की और अपनी मांगे व समस्याएं रखी। कलेक्ट्रेट में आज आयोजित जनचौपाल में 215 लोगों ने अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर आवेदन दिए। उपरोक्त आवेदनों पर कलेक्टर सौरभ कुमार ने निराकरण और आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। बालको नेहरू नगर निवासी लता यादव ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन देकर गुहार लगाई कि उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और उस पर तीन बच्चों के देखरेख की जिम्मेदारी है। वहीं बीमार बच्चों का इलाज भी नहीं करा पा रही है। लता यादव के आवेदन पर कलेक्टर ने बच्चों के इलाज हेतु सहयोग राशि प्रदान करने अधिकारियों को निर्देश दिए। इसी तरह हरदीबाजार के ग्राम नुनेरा निवासी रूखमिन बाई ने अपने पति भागीरथी जगत के बीमारी के उपचार के लिए सहायता राशि प्रदान करने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने उक्त आवेदन पर भी सहयोग राशि प्रदान करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। जमनीपाली अंतर्गत बलगी रोड लाटा निवासी शरद कुमार दीवान ने जनचौपाल में आवेदन देकर बताया कि उसने परिवहन विभाग को वाहन पंजीयन का ब्यौरा ऑनलाइन दर्ज कराने के लिए दस्तावेज दिया था लेकिन अब तक दर्ज नहीं हुआ है। विलंब के कारण उसका पंजीयन भी लेप्स हो गया है। इसे संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देश दिए। जनचौपाल में एसईसीएल पुनर्वास ग्राम गोपालपुर गेरवा,के ग्राम वासियों ने स्थानीय मूलभूत समस्याओं को लेकर आवेदन दिया। बांकीमोंगरा पुरैना निवासी सुलोचना कंवर ने विकलांगता पेंशन के लिए आवेदन दिया। इसी प्रकार लोगों ने मुआवजा प्रकरण के निराकरण, मजदूरी भुगतान, नामांतरण, सीमांकन, सहायक उपकरण सहित अन्य आवेदन दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रदीप साहू व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## कलेक्टर ने जन-चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



कलेक्टर चंदन कुमार ने साप्ताहिक जनचौपाल में लगभग 61 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। इनमें से गंभीर किस्म के 32 प्रकरणों की जांच कर समय.सीमा की बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही जनचौपाल में इस सप्ताह कुल 65 आवेदनों का पूर्णतः निराकरण कर दिया गया है। जनचौपाल में तहसील सोनाखान के अंतर्गत ग्राम नगेड़ा से पहुंचे आवेदक मानसाय चौहान ने नक्शा बटांकन कराने हेतु मांग की है। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को निर्देश देते हुए आवेदन की समीक्षा करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने कहा है। इसी तरह सिमगा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम सकलोर से पहुंचे आवेदक घासीराम वर्मा ने बिजली खम्भा लगवाने आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने ईई सीएसईबी को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसी तरह विकासखण्ड पलारी के सरपंच ग्राम पंचायत साराडीह द्वारा पशु आश्रय शेड निर्माण एवं विकासखण्ड कसडोल के सरपंच ग्राम पंचायत भदरा द्वारा अहाता निर्माण एवं सीसी रोड निर्माण के लिए मांग की है। जिस पर कलेक्टर ने शीघ्र ही निर्माण करने का आश्वसन दिया है।

## केंद्रीय विद्यालय के मामले में केंद्र सरकार मौन क्यों: भेड़िया

**दल्लीराजहरा** । केंद्र सरकार की कामधेनु खनिज नगरी दल्ली राजहरा एक अदद केंद्रीय विद्यालय के लिए सालों से तरस रही है। क्षेत्रीय विधायक एवं भूपेश बघेल सरकार में केबिनेट मंत्री अनिला भेंड़िया केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए केंद्र सरकार से लगातार आग्रह करती आ रही हैं। उन्होंने इस संबंध में सारी औपचारिकताएं भी पूरी करवा दी हैं, लेकिन केंद्र सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही। दल्ली राजहरा की रत्नगर्भा धरती लौह अयस्क के लिए प्रसिद्ध है। यहां की धरा के गर्भ में आयरन ओर का अकूत भंडार है। यहां के आयरन ओर से ही भिलाई इस्पात संयंत्र की धड़कन कायम है। यहां की लौह अयस्क खदानों के दम पर केंद्र सरकार खरबों रुपयों का राजस्व प्राप्त कर रही है, मगर बदले में यहां के बाशिंदों को केंद्र सरकार ने कुछ भी नहीं दिया। और तो और अपने अधीन खनि कर्मियों, खदानों की सुरक्षा में लगे सुरक्षा बलों और यहां स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों के कर्मियों के बच्चों के भविष्य का भी ध्यान केंद्र सरकार ने नहीं रखा। दल्ली राजहरा में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग कई दशकों से की जा रही है। केंद्रीय सेवा के सैकड़ों अधिकारी - कर्मचारी दल्ली राजहरा में कार्यरत हैं। केंद्रीय अर्ध सैनिक बल सीआईएसएफके हजारों जवान भी यहां तैनात हैं, जो माइंस की संपत्तियों की सुरक्षा करने के साथ ही नक्सलियों से भी लोहा लेते रहते हैं। इन जवानों, केंद्रीय सेवा के कार्मिकों व खनि कर्मियों के बच्चों को केंद्रीय विद्यालय खुलने से उत्कृष्ट शिक्षा मिल सकती है।

## सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष संकल्प भगत ने सामरी विधानसभा के लिए पेश की अपनी दावेदारी

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।



पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर सेवा दल ब्लॉक अध्यक्ष संकल्प कुमार भगत ने सामरी विधानसभा क्रमांक 08 पर अपनी दावेदारी पेश करते हुए कहा राजीव गांधी ने देश में डिजिटलीकरण की नींव रखी सूचना क्रांति के लिए उनका योगदान देश कभी भुला नहीं सकता राजीव गांधी युवाओं का देश चाहते थे। उनका मानना था कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में युवाओं की भागीदारी हो।

आगामी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 22 अगस्त तक कार्यकर्ताओं से आवेदन मांगे गए हैं इसी तारतम्य में संकल्प ने अपना आवेदन प्रस्तुत किया।

संकल्प सामरी विधानसभा में युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय हैं वह लोकतंत्र की प्रक्रिया में युवाओं को जोड़ने का प्रयास करते रहे हैं साथ ही वे राज्य की विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा में युवाओं को निःशुल्क तैयारी भी करवाते हैं। अवसर पर इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी बहादुर राम,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुसमी के अध्यक्ष हरीश मिश्रा, उपाध्यक्ष राजेंद्र भगत, संतोष इंजीनियर, रघुवंश यादव, आरिफ खान,सूरज देव, नवनीत टोप्पो, सद्दाम खान, दीपक तिवारी,वेदांत भारती,सोहेल आलम,ओसामा, रामेश्वर कुजुर, सचिन कुजुर आदि उपस्थित थे।

## ब्लॉक स्तरीय छत्तीगढ़ीया ओलंपिक प्रतियोगिता का उद्घाटन

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

जनपद पंचायत के तत्वाधान में आज देवभोग हाईस्कूल मैदान में ब्लॉक स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का शुभारंभ किया गया। राजकीय गीत व दीप प्रज्वलन के बाद अतिथियों से पिट्ठूल खेल खिलाकर खेल की शुरुआत किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष नेहा सिंघल ने पिट्ठुल पर पहला निशाना लगाया लेकिन उनका निशाना चूक गया।ब्लॉक महामंत्री अरुण सोनवानी ने एक निशाने में ही पिट्ठुल के सारे करपी उड़ा डाले। हंसी ठिठोली के बीच खेल की शुरुवात हुई। इसी बीच कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव ने कहा की भाजपा सरकार के काल में छत्तीसगढ़िया परंपरा विलुप्त हो चुका था। कांग्रेस की भूपेश सरकार इसे पुनर्जीवित किया है। भाजपाई इसलिए खेल से अनजान है। गांव गांव की प्रतिभा निखर कर सामने आ रही है। भाजपाइयों को भी खेल सीखने की नसीहत दिया है। खेल में जनपद उपाध्यक्ष सुखचंद बेसरा,सीईओ प्रतिक प्रधान,बीईओ देवनाथ बघेल ने भी सफ ल हाथ आजमाया। शुभारंभ अवसर पर जिला उपाध्यक्ष दुर्गा चरण अवस्थीएब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र मांझी,मदन ठाकुर, उमेश डोंगरे,आशीष पांडेय,महेश्वर बघेल,भविष्य प्रधान समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि गण मौजूद थे।

### खो-खो में डीएव्ही पहूंची फाइनल

क्रीड़ा प्रभारी दुर्गेश टाडिल्य ने बताया की ब्लॉक स्तरीय इस प्रतियोगिता में कूल 7 जोन से 400 खिलाड़ी भाग ले रहे है। खो खो, कबड्डी, रेस के अलवा 16 पारंपरिक खेल खेले जाएंगे। आज 8 खेल संपन्न हुआ। जिसमे आधे प्रतिभागी भाग लिए। खो खो का फइनल मैच संपन्न हो चुका है। जिसमे डीएव्ही मूंगझर स्कूल की बालिकाओं ने बाजी मार लिया है, दूसरे स्थान पर देवभोग 2 जोन रहा। आयोजन को सफ ल बनाने में शिक्षक जोजन सिन्हा,मिलन सोनवानी,तेजराज ठाकुर,यशवंत बघेल,विक्रम दौरा,गीता ठाकुर,पायल ठाकुर,दिव्या सोनवानी,समिता सांडील,ऋ तु नेताम समेत जनपद स्टाफ को ड्यूटी पर लगाया गया है।



# हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने किया रीपा गौठान का भ्रमण

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना के अंतर्गत ग्राम बरतापाली जनपद पंचायत धरमजयगढ़ रीपा गौठान का निर्माण किया गया है। जहां शासकीय हाई स्कूल बरतापाली के छात्र-छात्राओं को भ्रमण कराया गया। साथ में शिक्षकगण एवं स्टाफ उपस्थित रहे। महात्मा गांधी रूलर इंडस्ट्रियल पार्क अर्थात रीपा में संचालित सभी गतिविधियों की जानकारी स्कूली बच्चों को बताया गया। वहीं चर्चा परिचर्चा किया गया। जिसमें महत्वपूर्ण रूप से ग्रामीणों की सुविधा हेतु बैंकिंग सुविधा सीएससी सेंटर समूह द्वारा मुर्गी पालन, मुर्रा मशीन, बर्मी कम्पोस्ट बनाने की विधि, मछली दाना बनाने की मशीन, आयल मिल से भी अवगत कराया गया। शासन के अन्य योजनाओ के बारे में भी ग्रामीणों की आजीविका के संबंध में रीपा से जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों के द्वारा गौठान में समुदायिक शौचालय एवं स्वास्थ्य केंद्र उपलब्ध कराने की मांग की गई। जिसके लिए उच्च अधिकारी को प्रस्ताव भेजने की बात कही गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रीपा नोडल, पंचायत सचिव, उद्योग से संबंधित उद्यमी उपस्थित रहे।



# पत्रकार बनकर भय दिखाकर अवैध वसूली करने वाले दो आरोपी बेमेतरा पुलिस के गिरफ्त में

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

सूरज साहू ने खर्रा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 अगस्त 2023 को दोपहर में अपने दुकान में था तभी पहलाद दुबे निवासी अंजोर जिला दुर्ग और सरबर खान नाम का व्यक्ति अपने आप को पत्रकार बताकर तुम गांजा बेचते हो तुम्हारा विडियो बनाया हूं बोलकर डरा धमकाकर ग्राम सरदा के शेषनारायण साहू से 12 हजार रुपये ग्राम सरदा में शेषनारायण साहू के दुकान के पास अवैध वसूली किये है उनके साथ तीन महिलाएं और एक लड़का भी था किंतु उनके द्वारा समझाईस दिया गया, वे चारों पैसे नहीं लिए है कि रिपोर्ट पर थाना बेरला में अपराध सदर धारा 384, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा भावना गुप्ता ने आवश्यक



निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में थाना बेरला प्रभारी, निरीक्षक विवेक पाटले एवं थाना स्टाफ को अपराध विवेचना में लगाया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी प्रहलाद दुबे, सरबर गुलाम को हिरासत में लेकर उक्त घटना के संबंध में पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपियो द्वारा प्रार्थियों को डरा धमका, भय दिखाकर लिए कुल 24 हजार रुपये एवं घटना में प्रयुक्त वाहन क्रमांक सीजी 04 एमएफ 2944 को जप्त कर बरामद किया गया। आरोपी प्रहलाद दुबे पिता केदारनाथ दुबे उम्र 37 साल साकिन अंजोरा आबादी पारा, चौकी अंजोरा थाना पूलगांव जिला दुर्ग, सरबर गुलाम पिता स्वं. मोहम्मद वसीम उम्र 32 साल साकिन वार्ड नं. 04 राधिका नगर सुपेला थाना के पीछे थाना सुपेला जिला दुर्ग को 21 अगस्त 2023 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले, सउनि कमलेश पाल, प्रधान आरक्षक लोकेश गौसेवक, दिनेश मंडावी, दीनानाथ यादव, आरक्षक सुरेन्द्र जांगडे, भुषण मारकंडे, तुका राम निषाद, दीपक डहरे एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

# स्वास्थ्य विभाग का अनिश्चितकालीन हड़ताल का दूसरा दिन

## मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन के बेनर तले स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कैडर के अधिकारी कर्मचारी अपने मांग को लेकर आंदोलन पर है जिसमे फेडरेशन में मुख्यत: छत्तीसगढ़ सीआईडीए, जीयूडीए स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी एवं नर्सिंग संवर्ग के अधिकारी कर्मचारी शामिल है। फेडरेशन के मुख्य मांगो में वेतन विसंगति सहित 5 सूत्रीय मांग हेतु संघ अनिश्चित कालीन आंदोलन पर लामबद्ध है। आज फेडरेशन ने जिलास्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल के दूसरे दिन रैली निकालकर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें स्वास्थ्य फेडरेशन के जिला संयोजक भोजराम नायक सीआईडीए,के जिलाध्यक्ष डॉ एस खूंटे एसएसकेएस संघ के महिला अध्यक्ष एच दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रकला जायसवाल, लहाराम रत्नाकर, अभिषेक पटेल सहित स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ,नर्सिंग आफिसर एसोसिएशन, परिचारिका कर्मचारी कल्याण संघ, नर्सेज एसोसिएशन के भारी संख्या में अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए।

# चिर्रा के रीपा में स्कूली छात्र-छात्राओं ने किया भ्रमण

## उद्यमिता एवं कौशल विकास की मिली प्रेरणा

**कोरबा** । छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना 'रीपा' (रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क) अंतर्गत ग्राम चिर्रा में स्थापित रीपा में शासकीय हाई स्कूल चिर्रा के 60 छात्र-छात्राओं ने क्षेत्र भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान छात्र छात्राओं ने रीपा में संचालित विविध आर्थिक गतिविधियों से रूबरू हुए। इस भ्रमण से बच्चों को उद्यमिता एवं कौशल विकास की प्रेरणा मिली। साथ ही गांव में इस प्रकार के कार्य को देखकर बच्चों में उत्साह बढ़ा तथा भविष्य में उद्यमी बनने हेतु आवश्यक चीजों के आंकलन करने में बच्चों के जिज्ञासा भी देखने को मिली। रीपा में हल्दी, मिर्च, मसाला, धान प्रसंस्करण इकाई, चप्पल निर्माण, दोना पत्तल, इकाईयों के संचालन को बच्चों ने देखा व गोबर पेंट इकाई व फ्लाई एश ब्रिक्स इकाई को देखकर खुश हुए। रीपा मैनेजर सुश्री ललिता राठिया ने स्कूली बच्चों को रीपा में संचालित आर्थिक गतिविधियों की जानकारी दी। उक्त भ्रमण कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के साथ स्कूल शिक्षक, शिक्षिका, ग्राम पंचायत सचिव व संचालनकर्ता समूह के सदस्य व युवा शामिल हुए।

## एक नजर

# बालको महिला मंडल ने मनाया तीज महोत्सव

**कोरबा** । बालको महिला मंडल ने तीज महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कोरबा पुलिस अधीक्षक श्री उदय किरण की धर्मपत्नी श्रीमती श्रेया पांडे थीं। मुख्य अतिथि एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन, गणेश स्तुति और शंखनाद के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भरपूर लुत्फ उठाया। उन्होंने उत्कृष्ट आयोजन के लिए बालको महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती मनीषा कुमार एवं सदस्याओं की खूब प्रशंसा की।

बालको महिला मंडल अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। श्रीमती मनीषा कुमार ने अपने स्वागत उद्बोधन में बालको महिला मंडल के विभिन्न सामाजिक कार्यों से मुख्य अतिथि को अवगत कराया तथा हरियाली तीज की बधाई दी। उन्होंने बताया कि महिला मंडल समय-समय पर महिलाओं और बच्चों के प्रतिभा विकास के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करता है। बालकोनगर क्षेत्र के सांस्कृतिक उत्थान में महिला मंडल का महत्वपूर्ण योगदान है।

## बोल बम के जयकारों से गुंजा वनवासी क्षेत्र

कोरबा । वनवासी क्षेत्र देवपहरी से गड़कटरा तक 27 किमी की भव्य कांवर यात्रा निकाली गई। पवित्र श्रावण मास के सातवे सोमवार व नाग पंचमी के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य कांवर यात्रा स्थानीय सनातन संघर्ष समिति द्वारा निकाली गई।

ग्राम देवपहरी स्थित पवित्र स्थान गौमुखी से पूजा अर्चना व जल भर कर बोल बम के जयकारा के साथ कांवर यात्रा प्रारंभ की गई। इस भव्य कांवर यात्रा में बच्चे बूढ़े महिला जवान सभी शामिल हुए। कांवर यात्रा के दौरान भगवान भोलेनाथ व उनके परिवार की मनमोहक भेष सज्जा आकर्षण का केंद्र रहा। कांवर यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की आराधना करते हुए 27 किमी की लम्बी दूरी तय कर गड़कटरा के प्राचीन मंदिर जलेश्वर महादेव में जलाभिषेक किया। जलाभिषेक व पूजन करने श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही।

## जिले में अब तक 679.4 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई दर्ज

**कोरबा** । जिले में 01 जून से अब तक 679.4 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 20 अगस्त तक औसत वर्षा 812.08 मिमी हुई है। बीते 24 घण्टों में जिले में 1.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील कोरबा में 637.5 मिमी, भैंसमा में 799.8 मिमी, करतला में 694.2 मिमी, कटघोरा में 816.6 मिमी, दर्री में 723.4 मिमी, पाली में 635.0 मिमी, हरदीबाजार में 545.6 मिमी, पोड़ी-उपरोड़ा में 635.4 मिमी एवं पसान में 627.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। अब तक सर्वाधिक वर्षा कटघोरा तहसील में दर्ज की गई है।

# सरगुजा में युवाओं से संवाद के पहले अन सुलझे सवालों का जवाब दे भूपेश बघेल-ओपी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



सरगुजा जिले में यूवाओ के साथ होने वाले संवाद को लेकर प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से पूछा कि पहले आप यूवाओ को बताए तातापानी कौन से जिले में स्थित है। शायद इसका सवाब सभी को मालूम होगा कि तातापानी बलरामपुर जिले में मौजूद है। कांग्रेस सत्ता के दौरान पीएससी की परीक्षाओं में तातापानी को सूरजपुर जिले में बता कर भ्रमित किया गया। सरगुजा के हर युवा का सवाल है कि आपके घोषणा पत्र में 10 लाख युवाओं को 5 सालों तक 2500 प्रति माह के हिसाब से 15 हजार करोड़ रुपए बेरोजगारी भत्ता दिए जाने का संकल्प शामिल किया गया था आपकी सरकार साढ़े चार सालो तक बेरोजगारों को भ्रमित करती रही और भाजपा द्वारा लगातार बेरोजगार युवाओं के हक में आवाज उठाए जाने के कारण आगमी चुनाव के मद्देनजर बजट में केवल ढाई सौ करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया। यूवाओ को सुनहरे सपने दिखाकर ठगने का पाप भूपेश सरकार ने किया है। सरगुजा का युवा आपसे जानना चाहता है कि पीएससी एवम व्यापम माफियाओं का गढ़ कैसे बन गया। रोजगार हेतु परीक्षाओं में भर्ती के दौरान माफ्यिाओ की सक्रियता अचानक कैसे बढ गई। सरगुजा के शिक्षक आपसे पूछना चाहते हैं कि पदस्थापना में संशोधन के नाम पर माफिया गिरी कैसे हावी हों गई। प्रदेश का हर युवा आपसे जानना चाहता है कि कांग्रेस की सत्ता आते ही छत्तीसगढ़ अपराध गढ़ में कैसे तब्दील हो गया। यूवाओं से चर्चा के पहले आपको इन सवालों का जवाब देना चाहिए। ओपी चौधरी ने कहा आगामी चुनाव के दौरान छत्तीसगढ़ का हर युवा कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करने के लिए तैयार है।

# लवन थाना प्रभारी ने मुख्य सड़क की डिवाइडर,दुर्घटनाओं से बचने के लिए लगाया सुरक्षा घेरा

## कुछ दिन पूर्व स्ट्रीट लाइट लगवा कर किया था उजाला, अब लगाया डिवाइडर पर लोहे का गार्ड

जोहार छत्तीसगढ़-बालौदाबजार।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर रोकथाम सुरक्षात्मक उपाय करने निर्देशित किया गया है इसके पालन में लवन थाना प्रभारी केसर पराग द्वारा लवन थाना के सामने एवं खरतोरा चौक के पास अंधेरा होने के कारण होने वाली असुविधा से बचने के लिए जनप्रतिनिधियों के मदद से स्ट्रीट लाइट लगवाई गई थी। लवन के दोनों जगहों पर डिवाइडर से कई गाड़ी टकरा जा रहे थे एवं गंभीर दुर्घटना घटित होने की अंदेशा बने रहने के कारण रोकथाम हेतु लोहे की जाली बनवा कर उसमें रेडियम लगाकर डिवाइडर में लगाया गया जिससे आने जाने वालों को दूर से ही डिवाइडर आसानी से देख सके, लवन थाना प्रभारी द्वारा लगातार इस तरह से पूरी संवेदनशीलता के साथ लोगों की जान माल की रक्षा के लिए आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय किए जा रहे हैं।

# प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों के हित में ज्ञापन सौंपा-भारद्वाज

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ प्रांतीय निकाय के आह्वान पर आज कलेक्ट्रेट शक्ति पहुंचकर लिपि को सहायक शिक्षकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के साथ-साथ कर्मचारियों के हित में माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन दिया इसमें पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक करते हुए कर्मचारी हित के सिफारिश को लागू किया जाए अर्जित अवकाश 300 दिन करने नियुक्त कर्मचारियों को 3 वर्ष सेवा अवधि में 70, 80, 90 परसेंट मिलने वाली स्टाइपेंड की नीति को समाप्त की जावे और शुरू साल से ही नियमित वेतन दी जावे चार स्तरीय वेतनमान के आदेश जारी किया जावे व्याख्याता पब्लिक प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला से प्राचार्य पदोन्नति को विधानसभा चुनाव के पूर्व आदेश जारी किया जावे इन मांगों के अतिरिक्त स्थानीय मांग में राजधानी रायपुर टूटा में जैसे धरना स्थल विकसित किया गया है इस तरह जिला मुख्यालय शक्ति में जगह चिन्ह अंकित करके सेट और शौचालय वगैरा की सुविधा दी जावे तथा जिला स्तरी संयुक्त परामर्श दात्री समिति की बैठक का आयोजन करने की कार्यवाही की जावे उपरोक्त मांगों को लेकर जिलाध्यक्ष राधे लाल भारद्वाज संरक्षक रमेश तिवारी विजय बहादुर सिंह खगेश कुमार पटेल शक्ति तहसील अध्यक्ष राधेश्याम साहू मालखरोदा तहसील अध्यक्ष विकास चौबे जिला सचिव श्याम कुमार सोने अपर कलेक्टर वीरेंद्र लकड़ा डिप्टी कलेक्टर रूपेंद्र पटेल तहसीलदार मोहन प्रताप सिंह तहसीलदार संजय में राजस्व निरीक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार बंजारे खगपति साहू अशोक कुमार राठौर शांतिलाल यादव नंदलाल पटेल कर्मचारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रमेश देवांगन जय किशन उरांव सुरेश कुमार सोयत रा श्यामलाल यादव बांके बिहारी त्रिवेदी आदि बड़ी संख्या में कर्मचारी साथी उपस्थित रहे।


# हाथी मित्र दल की सक्रियता से बची सर्पदंश पीड़ित महिला की जान

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**अंधविश्वास एवं झाड़ फूंक के चक्कर में द्वित्तर एक अनहोनी होते होते बचा है। अधेड़ महिला को जहरीले सांप ने काट लिया था। जिसे झाड़ फूंक कराने वैद्य के पास लेकर जा रहे थे। धरमजयगढ़ क्षेत्र के ग्राम ओंगना निवासी जानकी गुप्ता उम्र लगभग 50 वर्ष के पैर को कोबरा सांप ने डस लिया था।**



जिसे उनके परिजन झाड़ फूंक कराने ले जाने वाले थे। जिसकी जानकारी हाथी मित्र दल धरमजयगढ़ को हुई। जिन्होंने सर्पदंश पीड़ित महिला के परिजनों को प्रेरित कर झाड़ फूंक न कराकर अस्पताल ले जाने की सलाह दी। जहां सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में महिला को भर्ती कराया गया। जहां उपचार के बाद महिला पूरी तरह स्वस्थ हो गई है। महिला के परिजनों ने हाथी मित्र दल के प्रति आभार व्यक्त किया है। वहीं डॉक्टर एवं उनकी टीम का भी आभार व्यक्त किया है। बता दें कि अभी कुछ दिनों के भीतर ही सर्प दंश से कई लोगों की मौत हो गई। जिसमें ज्यादातर झाड़ फूंक कराने के कारण पीड़ितों को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था। हाथी मित्र दल धरमजयगढ़ द्वारा सांपों का रेस्क्यू किया जाता है। यदि घर] रिहायशी इलाके में सांप दिखाई दे तो उनसे संपर्क करें।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in